(प्राकृत विद्या पाठ्यक्रम)

प्राकृत रचना भास्कर

एवं

प्राकृत शब्दकोश

लेखक

मुनि प्रणम्यसागर

प्रकाशक

आचार्य अकलंकदेव जैनविद्या शोधालय समिति

उज्जैन (म.प्र.)

- कृति : **प्राकृत रचना भास्कर एवं प्राकृत शब्दकोश**
- आशीर्वाद : **आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज**
- रचयिता : **मुनि श्री 108 प्रणम्यसागरजी महाराज**
- संस्करण : प्रथम
- आइएसबीएन : 978-81-934860-9-2
- आवृत्ति : 1100
- सहयोग राशि : देशना पटवारी, लोरी पटवारी, मनन जैन, गितीका जैन, दीपल जैन, आराध्य पटवारी फोर्चुन डायमन्ड टूलस्, बिजौलिया (राज.)
- प्रकाशक : आचार्य अकलंकदेव जैनविद्या शोधालय समिति 109, शिवाजी पार्क देवास रोड़, उज्जैन, फोन: 2519071, 2518396 email: sss.crop@yahoo.com
- प्राप्ति स्थान : आर्हत विद्याप्रकाशन गोटेगाँव, नरसिंहपुर (म.प्र.) मोबा.: 09425837476

  शैलेन्द्र शाह, उज्जैन 09425092483, 09406881001
- मुद्रक : आरसी प्रैस, 70ए, रामा रोड़ इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-110015 #9871196002

प्राकृत रचना भास्कर

विषय क्रम		पृष्ठ संख्या
1.	आत्मकथा / पाथेय	iv
2.	मंगलाचरण	v
3.	चौबीस तीर्थंकर (नाम एवं स्तुति)	vi
4.	अभ्यास 1 से 15	x
5.	अपनी परीक्षा करें	76
6.	संज्ञा शब्द रूप	79
7.	बोधकथा	88
8.	वर्ण विकार के कुछ सामान्य नियम	98
9.	प्राकृत शब्द कोश	101

दुर्लभ गुरू मुख से वचन, दुर्लभ गुरू मुस्कान।
दुर्लभ गुरू आशीष है, दुर्लभ गुरू से ज्ञान॥
दुर्लभ से दुर्लभ रहा, गुरू गरिमा गुणगान।
गुरू आज्ञा पूरण पले, दुर्लभतम यह जान॥

आत्मकथ्य / पाथेय

जैन परम्परानुसार अक्सर्पिणी काल के इस पंचम युग में जहाँ एक ओर भौतिक एवं वैज्ञानिक सम्पन्नता का दिग्दर्शन हो रहा है, वहीं अशान्त एवं आक्रान्त मानव समाज कर्तव्यों एवं मूल्यों से विमुख होता जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज में मूल्यों की स्थापना हो, वैयक्तिक एवं आध्यत्मिक स्तर पर मानवता का विकास हो, अशांत समाज के लिए आर्षपुरूषों की वाणी का सदुपयोग करने का अवसर मिले। आज जिन-शासन में महावीर की देशना फलित हो रही है। उनकी वाणी आगम के रूप में विद्यमान है। हम सभी उस आगम रूप जिनवाणी का स्वाध्याय करके आत्मकल्याण कर सकें, यही मंगल कामना है।

आज महावीर की देशना जिन आगम ग्रन्थों के रूप में प्राप्त हो रही है उनका स्वाध्याय एवं अध्ययन भाषा की दुरूहता के कारण सम्भव नहीं है। प्राकृत भाषा में रचित इन आगमों के अध्ययन एवं स्वाध्याय के लिए प्राकृत भाषा की प्रारम्भिक जानकारी आवश्यक है इसी उद्देश्य को लेकर **प्राकृत विद्या पाठ्यक्रम** का निर्माण किया गया है। जोकि **'प्राकृत रचना भास्कर'** नाम से पाठकों के हाथ में उपलब्ध है। जिसके माध्यम से जनसामाय एवं जिन-उपासकों के अन्दर भाषा की जानकारी के साथ-साथ स्वाध्याय की प्रवृत्ति बढ़ सकेगी। इसी उद्देश्य को लेकर सामाजिक स्तर पर पारिवारिक स्तर पर और वैयक्तिक स्तर पर स्वाध्याय की रूचि जाग्रत की जा सके, जगह-जगह **प्राकृत विद्या पाठशाला** स्थापित की जा रही है। इस पाठशाला के निमित्त से प्राकृत भाषा की जानकारी के लिए रचित इस कृति में क्रमशः प्राकृत के संज्ञा-सर्वनाम शब्दों के विभक्ति रूप, क्रियापदों के धातुरूपों और प्राकृत के सामान्य नियमों की जानकारी तथा प्राकृत अभ्यास रचना के प्रयोग प्राकृत विद्या पाठ्यक्रम में दिये गये है। स्वाध्याय की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के निमित्त से इस कृति के अन्त में आचार्य नेमिचन्द्र द्वारा रचित **द्रव्यसंग्रह** की प्रारम्भिक 14 गाथाओं का

अन्वय और अर्थ देकर उसकी व्याकरणात्मक पृष्ठभूमि स्पष्ट की गई है जिसका उद्देश्य स्वाध्याय की प्रवृत्ति को जागृत करना है। निश्चित रूप से यह प्रवृत्ति दिनों-दिन कार्तिकेयानुप्रेक्षा, प्रवचनसार, समयसार, पुरूषार्थसिद्धयुपाय, वसुनन्दिश्रावकाचार, तित्थयर भावना, नई छहढाला जैसे ग्रन्थों का अध्ययन करने के लिए सहायक बन सकेगी।

मंगल-कामना है कि समाज के सभी धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाएं इस पाठशाला में आकर इसे समृद्ध करेगें और अपने आपको स्वाध्याय की प्रवृत्ति से जोड़े रखेगें।

अस्तु मंगलभावना सहित....

- मुनि प्रणम्य सागर

मंगलाचरण

णमो अरहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आइरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोए सव्वसाहूणं॥

चत्तारि मंगलं अरहंत मंगलं
सिद्ध मंगलं साहू मंगलं
केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा अरहंत लोगुत्तमा
सिद्ध लोगुत्तमा साहू लोगुत्तमा
केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि
अरहंतसरणं पव्वज्जामि
सिद्धसरणं पव्वज्जामि
साहूसरणं पव्वज्जामि
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

चउवीस तित्थयर णाम
(चौबीस तीर्थंकरों के नाम)

1. उसह
2. अजिय
3. संभव
4. अहिणंदण/अभिणंदण
5. सुमइ
6. पउमप्पह
7. सुपास
8. चंदप्पह
9. पुप्फदंत
10. सीयल
11. सेयंस
12. वासुपुज्ज
13. विमल
14. अणंत
15. धम्म
16. संति
17. कुंथु
18. अर
19. मल्लि
20. मुणिसुव्वय
21. णमि
22. णेमि
23. पास
24. वड्ढमाण

इन नामों के अन्त में 'णाह' या 'देव' जोड़कर उच्चारण करें।

चउवीस तित्थयर थुदी (चौबीस तीर्थंकर स्तुति)

आदीसं वंदे जिणमजियं संभवमभिणंदणसुमइं।
पउमसुपासं चंदं सुविहिं सीयलसेयवासुपुज्जं॥
विमलमणंतं धम्मपवत्तय - धम्मं संतिं तिपयहरं।
कुंथुमरं सिवकांतारमणं मल्लिं कम्मियचुण्णकरं॥
मुणिसुव्वय-णमिणाहजिणेसं जदुकुलतिलयं णेमिजिणं।
पासपहुं भयवं वरवीरं वंदे सव्वं तित्थयरं॥
माणुस खेत्ते विहरणभूदा सीमंदरजिणभयवंता।
दिंतु समाहिं बोहिसुलाहं रवि-ससि-सहस-पयासंता॥

चउबीसतित्थयर थवो

थोस्सामि हं जिणवरे तित्थयरे केवलीअणंतजिणे।
णरपवरलोयमहिए विहुयरयमले महप्पण्णे।।१।।
लोयस्सुज्जोययरे धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से चउवीसं चेव केवलिणो।।२।।
उसहमजियं च वंदे संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं जिणं च चंदप्पहं वंदे।।३।।

चतुर्विंशतितीर्थंकरस्तवः

जिनवर, तीर्थङ्कर, केवली, अनन्त जिनों तथा श्रेष्ठ मनुष्यों से लोक में पूजित रज-मल से रहित महान् आत्माओं की मैं स्तुति करता हूँ।।1।।

लोक को प्रकाशित करने वाले, धर्म के तीर्थङ्कर, जिनेन्द्र भगवान्, अरहन्त, चौबीस तीर्थङ्कर केवली का मैं वन्दन करता हूँ।।2।।

मैं ऋषभनाथ, अजितनाथ की वन्दना करता हूँ। सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ, सुपार्श्व और चन्द्रप्रभ जिनदेव की वन्दना करता हूँ।।3।।

सुविहिं च पुप्फयंतं सीयल सेयं च वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं भयवं धम्मं संतिं च वंदामि।।४।।
कुंथुं च जिणवरिंदं अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं।
वंदामि रिट्ठणेमिं तह पासं वड्ढमाणं च।५।।
एवं मए अभित्थुया विहुयरयमला पहीणजरमरणा।
चउवीसं पि जिणवरा तित्थयरा मे पसीयंतु।।६।।
कित्तिय वंदिय महिया एदे लोगोत्तमा जिणा सिद्धा।
आरोग्गणाणलाहं दिंतु समाहिं च मे बोहिं।।७।।
चंदेहिं णिम्मलयरा आइच्चेहिं अहियपहासत्ता।
सायरमिव गंभीरा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।।८।।

मैं सुविधिनाथ अर्थात् पुष्पदन्त, शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनन्त, धर्म, शान्ति भगवान् की वन्दन करता हूँ।।4।।

कुन्थु, जिनश्रेष्ठ अरनाथ, मल्लि, सुव्रत, नमि, अरिष्टनेमि, पार्श्व और वर्द्धमान प्रभु की मैं वन्दना करता हूँ।।5।।

इस प्रकार मेरे द्वारा स्तुत रज-मल से रहित, जरा-मरण से रहित, चौबीस तीर्थङ्कर जिनवर मुझे प्रसन्न करें।।6।।

ये लोकोत्तम जिनेन्द्र देव, सिद्ध भगवान् जो कि सभी से कीर्तन, वंदन, पूजन को प्राप्त हैं वे सभी मेरे लिए रोगरहित, ज्ञानलाभ, बोधि और समाधि को देवें।।7।।

चन्द्रमा के समान निर्मल, सूर्य से भी अधिक प्रभावान् सागर के समान गम्भीर सिद्ध भगवान् मुझे सिद्धि प्रदान करें।।8।।

वर्ण स्वर ज्ञान

वर्ण-भाषा की मूल ध्वनियों तथा उन ध्वनियों के प्रतीकस्वरूप लिखित चिन्हों को वर्ण कहते हैं। प्राकृत की वर्णमाला संस्कृत की अपेक्षा कुछ भिन्न है। ऋ, लृ, ऐ और औ स्वर प्राकृत में ग्रहण नहीं किये गये हैं। व्यंजनों में श, ष और स इन तीन वर्णों में से केवल स का ही प्रयोग मिलता है। न का प्रयोग विकल्प से होता है। अतः प्राकृत की वर्णमाला में निम्न वर्ण पाये जाते हैं।

स्वर-जिन वर्णों के उच्चारण में अन्य वर्णों की सहायता अपेक्षित नहीं होती, वे स्वर कहलाते हैं। प्राकृत में स्वर दो प्रकार के हैं-ह्रस्व और दीर्घ।

अ, इ, उ, ए, ओ (ह्रस्व)।

आ, ई, ऊ (दीर्घ)।

व्यंजन-जिन वर्णों के उच्चारण करने में स्वर वर्णों की सहायता लेनी पड़ती है, वे व्यंजन कहलाते हैं। प्राकृत में व्यंजनों की संख्या ३२ है।

क	ख	ग	घ	ङ	(क वर्ग)
च	छ	ज	झ	ञ	(च वर्ग)
ट	ठ	ड	ढ	ण	(ट वर्ग)
त	थ	द	ध	न	(त वर्ग)
प	फ	ब	भ	म	(प वर्ग)
	य	र	ल	व	(अन्तःस्थ)
			स	ह	(ऊष्माक्षर)
				ं	(अनुस्वार)

अनुस्वार को भी व्यंजन माना गया है, यतः अनुस्वार म् या न् का रूपान्तर है। इसलिए यहाँ व्यंजन 32 कहे हैं। प्राकृत में विसर्ग की स्थिति नहीं है। विसर्ग सर्वदा ओ या ए स्वर में परिवर्तित हो जाता है। असंयुक्त अवस्था में ङ और ञ का व्यवहार भी नहीं पाया जाता है अतः व्यंजन ३० हैं। यदि अनुस्वार को भी व्यंजन न मानें तो व्यंजन 29 ही रह जाते हैं।

वर्णों का उच्चारण

कण्ठय-अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ और ह का उच्चारण स्थान कंठ है। अतः ये वर्ण कंठय कहलाते हैं।

तालव्य-इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ और य का उच्चारण स्थान तालु है अतः ये वर्ण तालव्य कहलाते हैं।

मूर्धन्य-ट, ठ, ड, ढ, ण और र का उच्चारण स्थान मूर्धा है अतः ये वर्ण मूर्धन्य कहलाते हैं।

दन्त्य-त, थ, द, ध, न, ल और स का उच्चारण स्थान दन्त है अतः ये वर्ण दन्त्य कहलाते हैं।

ओष्ठ्य-उ, ऊ, प, फ, ब, भ, और म का उच्चारण स्थान ओष्ठ है अतः ये वर्ण ओष्ठ्य कहलाते हैं।

अनुनासिक-ञ, म, ङ, ण, न और म का उच्चारण स्थान नासिका है अतः ये वर्ण अनुनासिक कहलाते हैं।

ऐ और ए का कण्ठ, तालु, औ और ओ का कंठ-ओष्ठ, वकार का दन्तोष्ठ और अनुस्वार का नासिका उच्चारण स्थान है।

अभ्यास 1

कः सर्वनाम शब्द- य (जो), क (कौन), एद (यह), त (वह), अमु (वह), अण्ण (अन्य)।

सूचनाः ये शब्द तीनों लिंगों के अनुसार चलते हैं।

खः संज्ञा शब्द- मोक्ख (पु.) मोक्ष। असोक (पु.)- अशोक। तित्थयर (पु.)- तीर्थंकर। आद (पु.)- आत्मा। अप्प (पु.)- आत्मा। अजिय (पु.)- अजित। णाह (पु.)- नाथ। थल-स्थल। फास- स्पर्श। पाद (पु.)- चरण (पैर)। चरण (पु.)-पैर। कर (पु.)- हाथ। सग्ग (पु.)- स्वर्ग। भगवंत (पु.) (भगवान)।

गः विशेषण शब्दः सेट्ठ (श्रेष्ठ), पढम (प्रथम), मणोहर (मनोहर), सुंदर (सुन्दर)।

घः क्रिया पदः णास (नाश होना), खय (नष्ट होना), लुक्क (छिपना), रोक्क (रोकना), मणु (मानना)।

व्याकरण [सर्वनाम 'य' (ज)]

सर्वनाम ''य'' के प्रथमा, द्वितीया के तीनों लिंग रूप :-

	(पु.)		(स्त्री.)		(नपु.)	
	एक.	**बहु.**	**एक.**	**बहु.**	**एक.**	**बहु.**
प्रथमा वि.-	जो	जे	जा	जाओ	जं	जाणि
द्वितीया वि.-	जं	जे	जं	जाओ	जं	जाणि

इसी प्रकार क, एद(एसो), अण्ण के रूप भी संज्ञा शब्द रूप में देखें। अदस् शब्द को अमु आदेश करके पु.लिंग में साधु, नपु.लिंग में वत्थु, स्त्री.लिंग में धेणु के समान रूप चलेंगे।

	अर्थ	**विभक्ति**
कत्ता कारक-	ने	- पढमा
कम्म कारक-	को	- विदिया
करण कारक-	से, के द्वारा	- तिदिया

संपदाण कारक-	के लिए	- चदुत्थी
अवादाण कारक-	से	- पंचमी
संबंध कारक-	का, की, के	- छट्ठी
अहियरण कारक-	में, पे, पर	- सत्तमी

नियम 1: अस(होना) धातु को सभी वचनों व पुरुषों में अत्थि आदेश होता है। यथा- सो अत्थि।
तुम्हे अत्थि। अहं अत्थि। अम्हे अत्थि।

नियम 2: संबोधन कारक में प्रथमा विभक्ति होती है। कहीं प्रत्यय का लोप करके एक. में मूल शब्द ही रहता है। कहीं प्रथमा का ही रूप रहता है।
जिण, जिणो। जिणा। साहु, साहू। साहुणो, साहवो, साहउ, साहओ।

नियम 3: संबोधन में संबोधन सूचक 'हे', 'अहो' आदि भी लगाये जाते है- हे जिण। हे साहु आदि।

प्रयोग:

1. भगवान् अभिनंदननाथ केवलज्ञानी व वीतरागी हैं।
   = भगवंतो अहिणंदणणाहो केवलणाणी वीयरायी य अत्थि।
2. जो ज्ञानी को देखता है वह प्रसन्न होता है।
   = जो णाणिं पेक्खइ सो पसंसइ।
3. उन चश्मों के द्वारा वह देखता था।
   = तेहि एणगेहि सो देक्खीअ।
4. यहाँ कौन किसके लिए जीता है।
   = अत्थ को कस्स जीवइ।
5. भगवान् के चरणों के स्पर्श से दुःख का नाश होता है।
   = भगवंतस्स चरणफासेण दुक्खं णासइ।
6. इस सुन्दर घर का मैं स्वामी हूँ।
   = इमस्स सुंदरस्स घरस्स अहं सामी अत्थि।
7. हम सब पृथ्वी पर चलते हैं और देव स्वर्ग में।
   = अम्हे पुढवीए चलामो देवा य सग्गे (चलंति)।

(क) अभ्यास करें-

1. = सभी महापुरुषों ने शांति का उपदेश दिया है।
2. = हम सब अपनों को जानें।
3. = तुम लोगों ने वहाँ जाकर क्या-क्या पढ़ा।
4. = ये ग्रंथ, ये वस्त्र, ये गुरु, ये पुस्तकें हमारी हैं।
5. = वृक्षों से फल व फूल उत्पन्न होते हैं।
6. = उन सबके द्वारा हम सब जाने जावेंगे।
7. = कल वह उस नगर से इस नगर आयेगा।
8. = जिन बालाओं के लिए साड़ी है उन्हें वे दो।
9. = क्या तुम लोगों को मरघट में डर लगता है।।
10. = वह यहाँ थककर के आया।
11. = श्रेष्ठ कार्य साधुओं के द्वारा किया जायेगा।
12. = जिनकी जिसमें भक्ति है वे उनको पूजें।
13. = साधु सर्वज्ञ के रूप का ध्यान करते हैं।
14. = सर्वज्ञ सब जानने व देखने में समर्थ होते है।
15. = गुरू की शिक्षा और आज्ञा को धारो।
16. = ये सब जब पुष्पों को देखेगें तब तुम सब हँसोगे क्या?

(ख) शुद्ध करो-

पुढवी सायरे अत्थि ।
दाणिं णिसा संति।
बहूसु सासू हीहइ।
गुरुस्स विणा णाणं णत्थि।
जुवईए रायं ण करंतु।
छत्तम्मि गुरुम्मि सद्धा ण करइ।

(ग) गृहकार्य-

1. हस, जण, थुण, झा, हो क्रिया पदों के सभी कालों के रूप स्मरण करें।
2. णर, कवि, साहु, भक्ति , सद्धा, वत्थु, जुवई के पूरे रूप स्मरण करें।

3. के लिए, से, में, करके इन अर्थों की विभक्ति या प्रत्यय बतावें।
4. आज्ञावाची प्रत्यय व भूतकाल के प्रत्यय कौन से हैं।

उत्तर

(क) 1. सव्वे महापुरिसा संतिं उवदिसीअ।
2. अम्हे अप्पाणं जाणमो।
3. तुम्हे तत्थ गच्छिदूण किंकिं पढीअ।
4. एदे गंथा एदाइं वत्थइं एदे गुरुणो एदाणि पुत्थगाणि अम्हाण सन्ति
5. रुक्खाहिंतो फलाइं पुप्फाइं च उपज्जंति।
6. तेहिं अम्हे मुणिहिमो।
7. कल्ले सो तत्तो णयरत्तो इमं णयरं आगच्छिहिइ।
8. जाणं बालाणं साडीआ संति ताणं ताओ पयच्छंतु।
9. किं तुम्हे मसाणे बिहह।
10. सो अत्थ थक्किदूण आगच्छीअ।
11. सेट्ठं कज्जं साहूहिं करिहिइ।
12. जाण जम्मि भत्ती अत्थि ते ता अच्चंतु
13. साहू सव्वण्णरुवं झायन्ति।
14. सव्वण्णु सव्वे मुणिदुं देक्खिदुं च समत्था होंति।
15. गुरूस्स सिक्खं आणं च धारह।
16. एदे सव्वे जदा पुप्फांइ देक्खिहिंति तदा तुम्हे हसिहिह किं।

(ख) सायरा
अत्थि
बहूए
गुरुं
जुवईओ
छत्तो

गृहकार्य: (1) (2) प्रथम भाग में देखें।
(3) चतुर्थी, पंचमी, सप्तमी, ऊण।
(4) उ.दु। न्तु। हि.सु. धि ।ह। मु। मो

अभ्यास 2

विशेषण शब्दः णाणवंत (ज्ञानवान्), भगवंत (ज्ञानवान्, भगवान्), रसवंत (रसवान्), सोहावंत (शोभावान्), गुणवंत (गुणवान्), दयावंत (दयावान्), ईसावंत (ईर्ष्यावान्), करूणावंत (करुणावान्), चारित्तवंत (चारित्रवान्), खमावंत (क्षमावान्), सरुववंत (स्वरूपवान्), सीलवंत (शीलवान्), दुट्ठसीयवंत (दुष्टस्वभाव वाला), सद्धावंत (श्रद्धावान्), वत्थवंत (वस्त्रवान्), णयणवंत (नयनवान्), भक्तिवंत (भक्तिवान्), वेरग्गवंत (वैराग्यवान्), पाणवंत (प्राणवान्), धणवंत (धनवान्), सिरिवंत (श्रीवान् / ऐश्वर्यवान्), विज्जावंत (विद्यावान्), रूववंत (रूपवान्), मालावंत (मालावान्), परिग्गहवंत (परिग्रहवान्), लच्छीवंत (लक्ष्मीवान्), धिईवंत (धैर्यवान्), धीवंत (बुद्धिमान्), पडिमावंत (प्रतिमावान्), इच्छावंत (इच्छावान्), लज्जावंत (लज्जावान्)।

संज्ञा शब्दः जिणालय (पु.)- जिनालय। वेंजण (नपु.)- व्यञ्जन। दुज्जण (पु.)- दुर्जन। दिवस (पु.)-दिन। पाइयभासा (स्त्री.) - प्राकृतभाषा। दिवह-दिन।

क्रिया.: फास- स्पर्श

नियम 1: जैसे णाण आदि शब्दों में वंत प्रत्यय लगाकर ऊपर शब्द बनाये हैं इसी प्रकार वंत के स्थान पर सूत्र ''मन्तमण वन्तमा आलुआल इर उल्ल - इन्ता मतुपः (प्रा.-शब्दनुशासन 2.1.1)'' (मन्त, मण, मा, आलु, आल, इर, उल्ल, इन्ता) में आये मंतादि प्रत्यय लगा कर वाला अर्थ में शब्द बनते हैं। जैसे- सिरिमंत(लक्ष्मीवाला / लक्ष्मीवान्), भगमंत, भगमण। इन सभी शब्दों के रूप (पुल्लिंग) में जिण, (नपु.) में मित्त, और (स्त्री.) में आ जोड़कर बाला के समान चलेंगे लेकिन आलु प्रत्ययान्त शब्द पु. में साहु, नपु. में वत्थु, स्त्री में धेणु के समान चलेंगे।

यथा: दयामंतो णरो। कलहवंता जुवई।
दयामंतं मित्तं। दयालू साहू।

नियम 2: विशेषण शब्दों के लिंग, वचन, विशेष्य के लिंग, वचन व पुरुष के अनुसार चलेंगे। यथा- ईसालू णरो आगच्छइ (ईर्ष्यालु मनुष्य आ रहा है)।

नियम 3: अकारान्त पु., नपु. शब्दों के तृतीया के एकवचन में ''एणं'' भी लगाकर रूप बनते हैं। जीवेणं, मित्तेणं। इसी प्रकार तृ. बहुवचन में सूत्र ''हिँ, हिं, हि भिसः (प्रा.-श. 2.2.5)'' से हिँ, हिं, हि प्रत्यय लगकर भी रूप बनते हैं। जिणेहिँ। जिणेहि। जिणेहिं मित्तेहिं / मित्तेहिँ मित्तेहि।

प्रयोग:

1. रूपवान् वस्तु अच्छी है।
   = रूववंतं वत्थुं सुट्ठु अत्थि।
2. धनवान् पुरुष जा रहा है।
   = धणवंतो पुरिसो गच्छइ।
3. रसवान् व्यञ्जनों की सभी इच्छा करते हैं।
   = रसालूणि वेंजणाणि सव्वे इच्छंति।
4. शीलवती युवती पूजा कर रही है।
   = सीलवंती जुवई पुज्जं करइ।
5. घर वाला पुरुष धन का दान करता है।
   = घरिल्लो पुरिसो धणस्स दाणं करइ।
6. वहाँ धर्मवान् मनुष्य रहता है।
   = तत्थ धम्मालू णरो णिवसइ।

(क) अभ्यास:

(अ)
1. हाथों से चरणों का स्पर्श करें।
2. वे सब रूपवान् को देखने बाहर खड़ी हैं।
3. चारित्रवाला पुरुष मोक्ष पावेगा।
4. वह ग्रामणी बाहर जाने के लिए आवे।

5. बुद्धिमान लोग सभी लोगों का ध्यान रखें।
6. जिनालय में वीतरागी भगवान् को देखो।

(ब) 1. ज्ञानवान् ज्ञानी को प्रणाम करें।
2. दयावान् प्राणवाले जीवों की रक्षा करेगा।
3. चारित्रवानों को धर्म का उपदेश दिया।
4. दुर्जनों में दयाभाव नहीं होता है।
5. ज्ञानवान्, चारित्रवान्, दयावान् पुरुष आत्मा को नहीं जानते हैं क्या?

(ख) शुद्ध करें:

1. दयावंतो उसहा चारित्तवंते पुरिसं पुज्जउ।
2. णमिऊण सो गच्छंति।
3. सुंदर वत्थुं अत्थि।
4. अमु कज्जं सम्मं करइ।

(ग) पूर्ति करो:

1. दाणिं जिणालयेसु ..... हवइ।
2. साहुणो सइ दिवसे ..... करंति।
3. अम्हे पाइयभासं ..... ।

गृहकार्य: 1. णाणवंत(पु.) में, दयावंता(स्त्री.) में, दयालु(नपु.) में रूप याद करें।
2. अदस् शब्द के रूप बनावें।
3. लुक्क धातु के सभी कालों के रूप स्मरण करें।

उत्तर

(क) (अ) 1. हत्थेहिं चरणाइं फासंतु।
2. ताओ रूववंतं देक्खिदुं बहिं चिट्ठंति।
3. चरित्तवंतो पुरिसो मोक्खं लहिहिदि।
4. सा गामिल्ली बहिं गच्छिदुं आगच्छदु।
5. धीवंता सव्वेसिं झाणं रक्खंतु।
6. जिणालये वीयरायं भगवंतं देक्खसु।

(ब) 1. णाणवंता णाणिं पणमंतु।
2. दयालू पाणवंते जीवे रक्खिहिइ।
3. चरित्तवंताणं धम्मो उवदिट्ठो या धम्मं उवदिसीअ।
4. दुज्जणेसु दयाभावं/दया ण होइ।
5. णाणवंता चरित्तवंता दयावंता पुरिसा किं अप्पाणं ण जाणंति।

(ख) 1. उसहो चारित्तवंतं
2. गच्छइ सुंदरं
3. अमू

(ग) 1. आराधणभत्ती
2. आहारं
3. पढामो

गृहकार्यः 1. णाणवतो, णाणवंता आदि जिण के समान।
दयावंता, दयावंताओ आदि बाला के समान।
दयालुं, दयालूणि आदि वत्थु के समान।

2. अदस् शब्द-पुल्लिंग में-प्र. अमू, अमुणो। द्वि अमुं, अमुणो। तृ अमुणा, अमूहि-अमूहिं-अमूहिँ। च. अमुस्स, अमूणअमूणं। पं. अमुत्तो आदि, अमुहिंतो आदि। प्र. अमुस्स, अमूण-अमूणं। स. अमुम्मि, अमूसु। सं. हे अमु हे अमुणो।

नपु. में-अमुं, अमूणि। अमुं, अमूणि। अमूणा, अमुहि-हिं-हिँ। अमुणो, अमूण-णं। अमुत्तो आदि, अमूहिंतो आदि। अमुस्स, अमूण-णं। अमुम्मि अमूसु। हे अमु, हे अमूणि।

स्त्री. में-अमू, अमूओ। अमुं, अमूओ। अमूअ-अमूआ-अमूइ-अमूए। अमूहि-हिं-हिँ। अमूअ-आ-इ-ए, अमूण-णं अमूअ-आ-इ-ए, अमुत्तो आदि। अमूअ-आ-इ-ए, अमूण-णं। अमुअ-आ-इ-ए, अमूसु। हे अमु, हे अमूओ।

3. **लुक्क धातु-**

वर्तमान काल-लुक्कइ, लुक्कंति। लुक्कसि, लुक्कह। लुक्कामि, लुक्मामो।

भूतकाल-लुक्कीअ, लुक्कीअ। लुक्कीअ, लुक्कीओ। लुक्कीअ, लुक्कीय।

भविष्यत् काल-लुक्किकहिर, लुक्किकहिंति। लुक्किकहिसि, लुक्किकहिह। लुक्किकहिमि, लुक्किकहिमो।

विधि-आज्ञा काल-लुक्कउ, लुक्कंतु। लुक्कहि, लुक्कह। लुक्कमु, लुक्कमो।

अभ्यास 3

संज्ञाः घाम (पु.)-धूप। वायु (पु.)-हवा। विज्जू या विज्जुला (स्त्री.) विद्युत /बिजली। पत्त या पत्तल (नपु.)-पत्ता। समण (पु.)-श्रमण। सावय (पु.)-श्रावक। मरण (नपु.)-मृत्यु। कयंतो (पुं)-मुत्यु। पाव (नपु.)-पाप। कुमार (पु.)-कुमार।

सर्वनामः पर (दूसरा), अवर (दूसरा), इतर (दूसरा), पुव्व (पहले)।

अव्ययः इदो (इधर से), तदो (उधर से), अदो (इसलिए), कदो (कहाँ से), जदो (जहाँ से), सव्वदो (सब ओर से), परिदो (चारों ओर से), अहिदो (दोनों ओर), तो (तो), उभओ (दोनों ओर), धि (धिक्कार)

क्रियापदः वह (बहना), कुण (करना), धुव (कांपना), हण (सुनना), हुव (होना), राअ (दीप्ति), पड (गिरना, पड़ना), तुड (तोड़ना), वेव (कांपना), मण (मानना)।

व्याकरण (पंचमी विभक्ति)

'जिण' शब्द में पंचमी विभक्ति के रूपः

एक.	बहु.
जिणाहिंतो, जिणत्तो	जिणाहिंतो, जिणत्तो
जिणादो, जिणादु	जिणादो, जिणादु

'वत्थु' शब्द में:

एक.	बहु.
वत्थूहिंतो, वत्थुत्तो	वत्थूहिंतो, वत्थुत्तो
वत्थूदो, वत्थूदु	वत्थूदो, वत्थूदु

इसी प्रकार सभी में चलेंगे। 'वह' आदि क्रियापदों के रूप हस धातु के समान चलेंगे।

नियम 1: सभी संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों में तीनों लिगों में पंचमी विभक्ति में हिंतो, त्तो, दो और दु प्रत्यय भी लगते हैं। हिंतो, दो, दु प्रत्यय में पूर्व स्वर दीर्घ हो जाता है।

यथा- देवाहिंतो, मित्तादो, जुवईदु।

नियम 2: पंचमी(से) अर्थ में दो, त्तो प्रत्यय सर्वनाम शब्दों से लग कर रूप बनते हैं। इदो / इत्तो(इधर से) इनके रूप नहीं चलते। (देखें-अभ्यास 3 में अव्यय)

नियम 3: ''ङसेः श्लुक्'' सूत्र से पंचमी एकवचन में अकारान्त शब्दों से परे प्रत्यय का लोप होकर एवं पूर्व स्वर दीर्घ होकर जिण+ङसि = जिणा यह रूप भी बनता हैं।

नियम 4: विणा के योग में पंचमी विभक्ति होती है।
= गुरूदो विणा सद्धा णत्थि।

नियम 5: जिससे हटाया जाय, जिससे छिपा जाय उसमें पं. वि. होती है।
= माआए पुत्तं दूरं करइ।
= गुरुणो सिस्सो लुक्कइ।

नियम 6: उत्पन्न होना(उप्पज्ज, पभव) अर्थवाली क्रियाओं के योग में भी पं. वि. होती हैं।
1. तीर्थंकर से आगम उत्पन्न होता है।
= तित्थंयरत्तो आगमो उप्पज्जइ।

नियम 7: अदस् शब्द को प्रथमा एकवचन में अह आदेश होता है।
तीनों लिगों में- अह पुरिसो, अह वणं, अह बाला।

नियम 8: भिन्न अर्थ वाची शब्दों के साथ या योग में पंचमी वि. होती है। सो ममाओ भिण्णो अत्थि।

प्रयोगः
1. दयावान् गुरु से वह शिक्षा प्राप्त करता है।
= दयामंताहिंतो गुरूहिंतो सो सिक्खं पावइ।
2. दूसरे लोगों के निमित्त(कारण) धन ग्रहण करता है।
= परत्तोधणं गिण्हइ।

3. हवा से धूली दूर होती है।
   = वायूदु धूई दूरं होइ।
4. जहाँ से धूप आ रही है वहाँ देखो।
   = जदो घामो आगच्छइ तत्थ पासहि।
5. कुमार माता की आज्ञा मानता है।
   = कुमारो माआए आणं मणइ।

1. कवियों से काव्य उत्पन्न होते हैं।
   = कवीहिंतो कव्वाइं जायंति।
2. मैं पर से अन्य हूँ।
   = अहं परत्तो अण्णं अत्थि।
3. गुरु शिष्य को पाप से रोकता है।
   = गुरू सिस्सं पावादु रोक्कइ।
4. वह पिता से छिपता है।
   = सो पिऊदो लुक्कइ।
5. वह सबसे छिपता है।
   = सो सव्वत्तो लुक्कइ।

(क) अभ्यास:

(अ) 1. गुरुओं से सभी शिष्य पढ़ते हैं।
2. दूसरों की सदा विनय करो।
3. उन सबसे यह वस्तु भिन्न है।
4. उधर से पानी बह रहा है।
5. यहाँ सब ओर वन हैं।

(ब) 1. युवती से घर प्रकाशित होगा।
2. पापों से अपनी रक्षा करो।
3. ज्येष्ठ पुरुषों से क्षमा सीखेगा।
4. इधर से कौन कहाँ गया।
5. मृत्यु से सभी डरते हैं।

(स) 1. धूप कहाँ से आ रही है।
2. बिजली वहाँ से गिरी।
3. श्रावक पाप से डरता है।
4. मृत्यु श्रमण से डरती है।
5. माताओं से बालक छिपते हैं।

(द) 1. दुःखों से वह डरता है।
2. हम सब से वे सब छिपते हैं।
3. पानी से विद्युत उत्पन्न होती है।
4. हवा से पानी बहता है।
5. विद्यालय के दोनों ओर जल व वन है।
6. गुरु के सब ओर शिष्य बैठे हैं।

(ख) वर्तमान काल में पूर्ति करोः

1. माआ तुम्हें ..... (कोक्क)।
2. तुमं ममं ..... (पास)।
3. सावओ समणं .....(हण)।
4. सणिअं सणिअं वायू ..... (वह)।
5. अह पुरिसो ताहिंतो ..... (बोल्ल)।

गृह कार्यः 1. ऊपर दिए अभ्यास वाक्यों को विधि, आज्ञा एवं भूतकाल में बदलें।
2. पूर्ति करो में क्रिया पदों को विधि व भविष्यत् काल में बनावें।
3. दयालु शब्द के पंचमी विभक्ति के एक. / बहु. के रूप याद करें।
4. अवर सर्वनाम शब्द के रूप पु. में सव्व शब्द के समान चलावें।

उत्तर

(क) (अ) 1. गुरूहिंतो सव्वे सिस्सा पढंति।
2. अण्णे/अणा सया विणयं करहि।
3. तेहिंतो इमं वत्थुं भिण्णं अत्थि।

4. तत्तो जलं वहइ।
5. एत्थ सव्वदो वणाइं संति।

(ब) 1. जुवईए घरो जोइहिदि।
2. पावाहिंतो अप्पं रक्खहि।
3. जेट्ठ पुरिसाहिंतो खमं सिक्खिहिइ।
4. इत्तो को कत्थ गच्छीअ।
5. मरणत्तो सव्वे डरंति।

(स) 1. घामो कत्तो आगच्छइ।
2. बिज्जू तत्तो पडीअ।
3. सावयो पावत्तो डरइ।
4. कयंतो समणत्तो डरइ।
5. मायासुन्तो बालआ लुक्कंति।

(द) 1. दुक्खाहिंतो सो डरइ।
2. अम्हेहिन्तो ते लुक्कंति।
3. जलत्तो विज्जू जायइ।
4. वाउणा सलिलो वहइ।
5. विज्जालयं उभओ उदगं वणं च अत्थि।
6. गुरुं सव्वदो सिस्सा उवविसंति।

(ख) 1. कोक्कइ
2. पाससि
3. हणइ
4. वहइ
5. बोल्लइ

गृहकार्य:

1. पठंतु, पठीअ। कुणउ, कुणीअ। होउ, आसि। वहउ, वहीओ। होंतु, आसि। दीप्तिउ जोइउ, जोईअ। रक्खउ, रक्खीओ सिक्खउ, सिक्खीअ। गच्छउ, गच्छीअ। बीहंतु, बीहीअ। आगच्छउ, आगच्छीअ। पडउ, पडीअ।

डरउ, डरीअ। बीहउ, बीहीअ। लुक्लंतु, लुक्कीअ। डरउ, डरीअ। लुक्कंतु, लुक्कीअ। जायउ, जायीअ। वहउ, वहीअ। होउ, आसि। अच्छंतु। उवविसंतु, अच्छीअ। उवविसीअ।

2. कोक्कउ, कोक्किहिइ। पासहि, पासिहिसि। हणउ, हणिहिइ। वहउ, वहिहिइ। बोल्लउ, बोल्लिहिर।

3. दयालूहिंतो, दलालुत्तो, दयालूदो, दयालूदु (एक+बहु.)।

4. अवरो, अवरे। अवरं, अवरे। अवरेण-अवरेणं, अवरेहि-हिं-हिँ आदि।

अभ्यास 4

संज्ञा शब्दः पुत्ती (स्त्री.)- पुत्री। महिला (स्त्री.)- महिला। इत्थी (स्त्री.)- स्त्री।
कोह (पु.)-क्रोध। माण (पु.)- मान। माया (स्त्री.)-माया।
लोह (पु.)- लोभ। राया (पु.)- राजा। णरिंद (पु.)-राजा।
दिण (नपु.)-दिन। रत्ति (स्त्री.)-रात। बाण (पु.)-बाण।
बप्प (पु.)-पिता। गाम (पु.)-गाँव। उज्जाण (नपु.)-बगीचा।

क्रियापदः कुल्ल (कूदना), आढप्प (आरम्भ करना), घेप्प (ग्रहण करना), डर (डरना), मार (मारना), चिट्ठ (बैठना), जा (जाना), खिव (फैंकना), वद (बोलना), आव (आना), वियार (विचार करना)।

विशेषणः पीअ(पीला), पीअल (पीला), अंध (अन्धा), अंधल (अंधा), सेद (सफेद), पण्डुर (सफेद), णील (नीला), रत्त (लाल), काला (काला)।

व्याकरण (राजन् -राय/राअ)

राजन् शब्द के न् का लोप एवं अन्त (ज) को आ करके 'राआ' प्रथमा के एक. एवं राजन् शब्द को आण आदेश करके 'राआण' ये दो रूप सिद्ध होते हैं।

नियम 1: हेतु शब्द के साथ षष्ठी विभक्ति होती है। प्रयोजन व कारण शब्द के साथ भी। जैसे वह अन्न के प्रयोजन से गाँव में रहता है। सो अण्णस्स हेउस्स गामे वसइ।

नियम 2: आशीर्वाद देने की इच्छा होने पर आउस(आयु), भद्द(भद्र), कुसल, सुख, हित तथा इनके पर्यायवाची शब्दों के साथ चतुर्थी एवं षष्ठी विभक्ति होती हैं। रामस्स भद्दं, कुसलं होउ (राम का कल्याण हो, कुशल हो)।

नियम 3: क्रिया या कर्म के आधार को अधिकरण कहते हैं। उस अधिकरण या आधार में सप्तमी विभक्ति होती है। सो आसणे चिट्ठइ (वह आसन पर बैठता है)।

नियम 4: स्त्रीलिंग वाची शब्दों से परे तृतीया एक., सप्तमी एक., पंचमी एक., षष्ठी एक. में अ, आ, इ, ए प्रत्यय होते हैं। आकारान्त शब्दों से आ प्रत्यय नहीं होगा। णईअ, णईआ, णईइ, णईए। बालाअ, बालाइ, बालाए।

प्रयोग:

1. वह राजा की पुत्री है।
   = सा णरिंदस्स पुत्ती अत्थि।
2. स्त्री का क्रोध शत्रु है।
   = इत्थीए कोहो रिऊ अत्थि।
3. पिता गाँव में रहते हैं।
   = बप्पो गाममि वसइ।
4. वे सब यहाँ किस प्रयोजन से आयी थी।
   = अमूओ अत्थ कस्स पयोजणस्स आगच्छीअ।
5. सब जीवों का कुशल हो।
   = सव्वाणं जीवाणं कुसलं हवउ।
6. आत्मा में ज्ञान है।
   = अप्पम्मि णाणं अत्थि।
7. वह मित्र के साथ गाँव में कूदती है।
   = अमू मित्तेण सह गाममि कुल्लइ।
8. पुत्री मित्र के कारण पीला वस्त्र फेकती हैं।
   = पुत्ती मित्तस्स कारणेण पीअलं वत्थं खिवइ।

(क) अभ्यास:

(अ)

1. श्रावक गाँव में रहते हैं।
2. बालाएं रात्री में घर पर रहती हैं।
3. वह पीला जिनालय मेरा है।
4. अन्धा मनुष्य जगत में अच्छी तरह बोलता है।
5. राजा शत्रु पर बाणों को फेंकता है।
6. उस सफेद घर में कौन है?

(**ब**) 1. तुम किस घर में रहते हो।
2. इस घर में कौन-कौन रहता है।
3. हम सभी लोग इसी उद्यान में ठहरें।
4. उसका क्रोध इस पर अवश्य होगा।
5. उन सबके हेतु मैं यहाँ हूँ।
6. वह लाल साड़ी मेरी पुत्री की है।

(ख) शुद्ध करें:

(अ) 1. इमं वारिं णईस्स अत्थि।
2. पइदिणं सम्मं सो अरिहंताणं अच्चइ।
3. इत्थीहिंतो तस्स दूरं हवउ।
4. अमुं णयरं णरिंदआ अत्थि।
5. घरं बहूओ संति।

(ब) अमुं साडी। कं बाला। इमे वत्थूणि। इत्थी संति। रत्ती संति। सेदं घरे। पुत्ती सह। अह संति।

गृहकार्य: अभ्यास के वर्तमान काल के वाक्यों को विधि एवं भविष्य काल में बनावें।
= पुत्ती, दिण, बप्प के रूप बनावें।
= इन शब्दों के अर्थ लिखें।

सम्मं ( ), अग्गओ ( )
सइ ( ), झत्ति ( )
मुहु ( ), अप्पं ( )
णीअल ( ), अंधल ( )

उत्तर

(क) (अ) 1. सावया गाममि वसंति।
2. बालाओ रत्तीए घरम्मि वसंति।
3. अमू पीअलो जिणालयो मज्झ अत्थि।

4. अंधलो णरो लोये सम्मं वदइ।
5. राजा सत्तुम्मि बाणे खिवइ।
6. तम्मि पण्डुरम्मि घरम्मि को अत्थि।

(ब) 1. तुमं कम्मि घरम्मि वससि।
2. एअम्मि घरम्मि को को वसइ।
3. अम्हे एअम्मि उज्जाणम्मि ठामो।
4. तस्स कोहा इमस्स (या इमम्मि) अवस्सं होहिइ।
5. तेंसि हेऊ अहं अत्थ अत्थि।
6. अमू रत्ता साडी मज्झ पुत्तीए अत्थि।

(ख) (अ) 1. णईए।
2. अरिहंते।
3. सो।
4. णरिंदस्स।
5. घरम्मि।

(ब) अमू साडी । का बाला । इमाणि वत्थूणि । इत्थीओ संति । रत्ती अत्थि । सेदं घरं । पुत्तीए सह । अहं अत्थि।

गृहकार्यः 1. वसंतु, वसिहिंति। वसुंतुं, वसिहिंति। होउ, होहिइ। वदउ, वदिहिइ। खिवउ, खिविहिइ। हवउ, हविहिइ। वसहि, वसिहिसि। वसउ, वसिहिइ। होमु, होहिमि। होउ, होहिइ।

2. पुत्ती-पुत्ती, पुत्तीओ। पुत्तिं, पुत्तीओ। पुत्तीअ-आ-इ-ए, पुत्तीहि-हिं-हिँ। पुत्तीअ-आ-इ-ए, पुत्तीण-णं। पुत्तीअ, आ-इ-ए-हिंतो आदि, पुत्तित्तो आदि। पुत्तीअ-आ-इ-ए, पुत्तीण-णं। पुत्तीअ-आ-इ-ए, पुत्तीसु-सुं। हे पुत्ति, हे पुत्तीओ।

दिण-दिणं, दिणाणि। दिणं, दिणाणि। दिणेण-णं, दिणेहि-हिं-हिँ। दिणस्स, दिणाण-णं। दिणत्तो आदि, दिणाहिंतो आदि। दिणस्स, दिणाण-णं। दिणे-दिणम्मि, दिणेसु-सुं। हे दिण, हे दिणाणि।

बप्प-बप्पो, बप्पा। बप्पं, बप्पा-बप्पे। बप्पेण-णं, बप्पेहि-हिं-हिँ। बप्पस्स, बप्पाण-णं। बप्पत्तो आदि, बप्पाहितो आदि। बप्पस्स, बप्पाण-णं। बप्पे-बप्पम्मि, बप्पेसु-सुं। हे बप्प, हे बप्पा।

3. शब्दों के अर्थ–अच्छी तरह, आगे, एक बार, शीघ्र, बार-बार, थोड़ा, पीला, अंधा।

अभ्यास 5

विशेषण: एत्तिअ (इतना), जित्तिअ (जितना), तित्तिअ (उतना), केत्तिअ (कितना), इत्तिल (इतना), जेत्तिअ (जितना), तेत्तिअ (उतना), जित्तिल (जितना), तित्तिल (उतना), कित्तिल (कितना), एद्दह (इतना), जेद्दह (जितना), तेद्दह (उतना), केद्दह (कितना)। हसिर (हंसने का स्वभाव), जप्पिर (बोलने का स्वभाव), जग्गिर (जागने का स्वभाव), लज्जिर (लज्जा का स्वभाव), छायिल्ल (छायावान्), गव्विर (गर्वयुक्त), एकल्ल (अकेला) एक्क (अकेला), णवल्ल (नया), णव (नया)।

नियम 1: ''इरः शीलाद्यर्थस्य (प्रा.-श. 2.1.28)'' से शील, धर्म, साधु स्वभाव अर्थ में इर प्रत्यय होता है।
लज्जा+इर = लज्जिर। इर के स्थान पर सील(शील) शब्द भी जोड़ सकते हैं। लज्जासील, दयासील।

नियम 2: ''भवे डिल्लोल्लडौ (प्रा.-श. 2.1.17)'' सूत्र से भव (होना) अर्थ में इल्ल, उल्ल प्रत्यय होते हैं। उवरिल्ल(ऊपर होना), हेट्ठिल्ल(नीचे होना), अप्पुल्ल(अपने में जो हो या अपने में होना)।

नियम 3: षष्ठी बहुवचन में अनुस्वार होकर भी रूप बनता है। जैसे- जिणाणं।

नियम 4: शब्दों से परे पंचमी बहुवचन में 'सुंतो' प्रत्यय भी लगता है।
जिणासुंतो या जिणेसुंतो। जुवईसुंतो।

नियम 5: सप्तमी बहुवचन में सुं प्रत्यय भी होता है। जैसे-जिणेसुं।

नियम 6: अस् (है) धातु से भूतकाल के अर्थ में ''आसि'' यह आदेश होता है।
अहं आसि(मैं था), सो आसि(वह था), तुमं आसि(तुम थे)।

प्रयोग:

1. भरतक्षेत्र का कितना प्रमाण है।
   = भरयखेत्तस्स केत्तिअं पमाणं अत्थि।
2. जितना प्रमाण जम्बूद्वीप का है, उतना ही ऐरावत हाथी का है।
   = जित्तिअं पमाणं जबूंदीवस्स अत्थि तित्तिअं एव एरावदस्स अत्थि।
3. सिद्ध भगवान् कितने हैं।
   = सिद्धभगवंता कित्तिला संति।

4. तुम इतना भोजन क्यों करते हो?
   = तुमं एद्दहं भोयणं कधं करसि।
5. कितनी दूर यहाँ से सागर है।
   = कित्तिअं दूरं इदो सायरो अत्थि।
6. ये वृक्ष छाया वाले नहीं हैं।
   = इमे तरुणो छायिल्ला ण संति।
7. साधु पर्वत पर अकेला रहता है।
   = साहू सेले एकल्लो वसइ।
8. नये शास्त्र यहाँ नहीं हैं।
   = णवल्लाणि सत्थाणि अत्थ ण संति।
9. अपना पुत्र कहाँ चला गया?
   = अप्पुल्लो पुत्तो कत्थ चलीअ।
10. वह लज्जाशील स्त्री है।
    = सा लज्जिरा इत्थी अत्थि।

(क) अभ्यासः

(अ) ये कितनी वस्तुएँ हैं।
इस कन्या में कितना ज्ञान है।
नये वस्त्र धारण करो।
इतने मनुष्य वहाँ से यहाँ आवें।
जितने साधु यहाँ हैं, उतने ही वहाँ श्रावक हैं।

(ब) नई सासू खुश थी।
यह पर्वत कितना ऊँचा था।
उनके गाँव से हमारा घर इतना दूर था।
सिद्ध शिला यहाँ से कितनी दूर थी।
अपने से कौन कितना दूर था।

(स) अकेला मनुष्य यहाँ आयेगा।
वह नये ग्रन्थ लिखेगा।
क्या वृक्ष छाया वाला होगा।

हम सब गुरु के नये शिष्य को देखेंगे।
दयास्वभाव वाली स्त्री यहाँ आवेगी।

(ख) शुद्ध करें:

1. केद्दहो पमाणं अत्थि।
2. एकल्ल णरो चिट्ठइ।
3. णव सीसो सम्मं णिवसइ।
4. छायिल्लो वत्थं अत्थि।
5. हसिरो इत्थी कदा कत्थ चलीअ।

गृहकार्य: 1. अभ्यास में दिये वाक्यों को अन्य-अन्य कालों में बनावें।
2. आढप्प क्रिया पद को सभी कालों में याद करें।
3. कित्तिअ के रूप स्त्रीलिंग में चलावें।

अर्थ बतावें:

केद्दहं ( ), हसिरो ( )
गव्विरा ( ), एक्को ( )
इत्थी ( ), उज्जाण ( )

उत्तर

(क) (अ) 1. एआइं केत्तिआइं वत्थूइं संति।
2. इमाए कण्णाए कित्तिलं णाणं अत्थि।
3. णवल्लाइं वत्थाइं धारहि।
4. एत्तिआ णरा तत्तो अत्थ आगच्छंतु।
5. जित्तिआ साहुणो अत्थ संत्ति तित्तिआ तत्थ सावया संति।

(ब) 1. णवल्ला सासू हरिसिआ आसि।
2. इमो गिरी केत्तिओ उच्चो आसि।
3. ताणं गामत्तो अम्हाण घरो एत्तिअं दूरं आसि।
4. सिद्धसिला एत्तो केत्तिअं दूरं आसि।
5. अप्पत्तो को केत्तिअं दूरं आसि।

(स) 1. एकल्लो णरो अत्थ आगच्छिहिइ।
2. सो णवल्ले गंथे लिहिहिदि।
3. किं तरू छायिल्लो होहिइ।
4. अम्हे गुरुणो णवल्लं सिस्सं देक्खिहिमो।
5. दयावंता इत्थी अत्थ आगच्छिहिइ।

(ख) 1. केइहं।
2. एक्ल्लो।
3. णवो।
4. छायिल्लं
5. हसिरा।

गृहकार्यः **1.** आसि, आसि, धारीअ, आगच्छीअ, आसि।
हरिसइ, अत्थि, अत्थि, अत्थि, अत्थि।
आगच्छउ, लिहउ, होउ, पासमो, आगच्छउ।

2. **आढप्प क्रिया**-वर्तमान-आढप्पइ, आढप्पंति। आढप्पसि, आढप्पह। आढप्पामि, आढप्पामो।
भूत-आढप्पीअ सभी पुरुष, वचनो में यही रूप।
भविष्यत्-आढप्पिहिइ, आढप्पिहिंति। आढप्पिहिसि, आढप्पिहिह। आढप्पिहिमि, आढप्पिहिमो।
विधि-आढप्पउ, आढप्पंतु। आढप्पहि, आढप्पह। आढप्पमु, आढप्पमो।

3. **कित्तिअ**-स्त्री.-कित्तिआ, कित्तिआओ। कित्तिअं, कितिआओ। कित्तिआअ-इ-ए, कित्तिआहि-हिं-हिँ। कित्तिआअ-इ-ए, कित्तिआण-णं। कित्तिअत्तो-अ-इ-ए आदि, कित्तिआहिंतो आदि। कित्तिआअ-इ-ए, कित्तिआण-णं। कित्तिआअ-इ-ए, कित्तिआसु-सुं। हे कित्तिआ, हे कित्तिआओ।

अर्थ-कितना, हसने के स्वभाव वाला, गर्व युक्त, अकेला, स्त्री, उद्यान।

अभ्यास 6

अव्यय शब्दः तहिं (वहाँ), तह (वहाँ), कहिं (कहाँ), कह (कहाँ), जहिं (जहाँ), जह (जहाँ), एत्थ (यहाँ), इह (यहाँ), एकसि (एक बार), उवरिं (ऊपर)।

तरह, समानता या उपमा अर्थ में प्रयुक्त होने वाले शब्द -

= मिव, पिव, विव, विअ, व, व्व।

= निश्चय या संभावना अर्थ में- किर, इर, हिर।

अम्हो (आश्चर्य), हु, खु (निश्चय, विस्मय, वितर्क)

ओ (पश्चाताप, सूचन), खलु (निश्चय), हुं(पूछने, रोकने)

च,य,तु,दु (और, तथा), आम (हाँ, स्वीकार करना),

अन्तरेण (बिना), विणा (बिना), अन्तरा (बीच में, मध्य में)।

व्याकरण (वर्तमान काल के हस धातु के पूरे रूप)

प्रत्यय-	**एकवचन**	**बहुवचन**
अन्य पु.-	इ, ए, दि, दे	न्ति, न्ते
मध्यम पु.-	सि, से	ह, इत्था, ध
उत्तम पु.-	मि	मो, मु, म

''हस ''

	एकवचन	**बहुवचन**
अन्य पु.-	हसइ, हसए, हसदि, हसदे	हसन्ति, हसन्ते
मध्यम पु.-	हससि, हससे	हसह, हसित्था, हसध
उत्तम पु.-	हसमि	हसमो, हसमु, हसम

नियम 1: ''हित्थहास्त्रलः (प्रा.-श. 2.1.7)'' सूत्र से सप्तमी के अर्थ में हिं,त्थ, ह, ये प्रत्यय होते हैं। जैसे- कहिं, कत्थ, कह। जहाँ तहाँ का प्रयोग जहाँ आता है वह पर सदृश प्रत्यय का ही प्रयोग करें। जैसे- जत्थ के साथ तत्थ। कहिं के साथ तहिं।

नियम 2: ''एक बार'' अर्थ में सिआ इया प्रत्यय होते हैं।
एकसिआ, एकइया।

नियम 3: उपरि शब्द से ''ल्ल'' प्रत्यय होता है ऊपर-ऊपर अर्थ यदि है तो उवरिल्लो पासादो अत्थि। किन्तु सामान्य ऊपर अर्थ हो तो उवरिं यह रूप रहेगा। उवरिं णरो अत्थि (ऊपर मनुष्य है)। उवरिल्ल यह विशेषण शब्द हैं। विशेष्य के अनुसार रूप चलेंगे।

नियम 4: अन्तरेण, विणा, अन्तरा, दूर, अंतिय (समीप) इन अर्थ वाले शब्द के साथ भी द्वितीया विभक्ति होती है।

प्रयोग:

1. जहाँ-जहाँ धुआँ है वहाँ-वहाँ अग्नि है।
   = जहिं-जहिं धूमो अत्थि, तहिं-तहिं अग्गी अत्थि।
2. एक बार राजा के महल में चोर आया।
   = एकसि रायस्स पासादम्मि चोरो आगच्छीअ।
3. सौधर्म स्वर्ग के ऊपर माहेन्द्र स्वर्ग है।
   = सोधम्म-सग्गस्स उवरिं माहिंदसग्गो अत्थि।
4. विद्याधर कहता है-हाँ मैंने किया है।
   = विज्जाहरो कहइ-आम अहं करमि।
5. माता की तरह पुत्री का मुख है।
   = माआ विव पुत्तीए मुहो अत्थि।
6. बीजों से पुष्प और पुष्पों से फल उत्पन्न होते हैं।
   = बीजाहिंतो पुप्फाणि पुप्फाहिंतो फलाणि च जायंति।
7. यह कौन! साहस वाला पुरुष है।
   = इमो को खु साहसवंतो पुरिसो अत्थि।
8. अहो! गोम्मटेश की प्रतिमा कितनी मनोहर है।
   = अम्हो! गोमटेसस्स पडिमा केत्तिआ मणोहरा अत्थि।
9. यह धुआँ है, या धूली है।
   = इमो धूमो अत्थि हु धूली अत्थि।
10. वह बालक स्वीकार करता है।
    = सो बालओ आम करइ।
11. रुको! तुम।
    = हुं! तुमं।

(क) अभ्यास:

(अ) 1. क्रोध और माया कहाँ हैं।
2. बालक की तरह इसका कार्य है।
3. वहाँ कहाँ जा रहे हो।
4. अहो! राजा यहाँ आ रहा है।
5. हाँ! मैं अच्छी तरह कार्य नहीं करता हूँ।

(ब) 1. ऊपर-ऊपर मनुष्य था।
2. तुम्हारा मित्र ही वहाँ था।
3. तुम्हारे मुख की तरह उस पुरुष का मुख था।
4. वह एक बार ही यहाँ आया था।
5. अहो! वहाँ पर कोई भी नहीं था।

अर्थ बतावें: कह ( ), विव ( ), आम ( ),
तु ( ), खलु ( ), विणा ( ),
सणिअं ( ), अवस्स ( )।

गृहकार्य: 1. अभ्यास के वाक्यों को जो वर्तमान काल में है उन्हें अन्य कालों में परिवर्तित करें, एवं भूत काल के वाक्यों को भी अन्य कालों में परिवर्तित करें।
2. कोई भी पाँच अव्यय अर्थ सहित लिखें।
3. अकारान्त पु. में किसी भी एक शब्द के रूप पूरे लिखें।

उत्तर

(क) (अ) 1. कोहो माया च कहिं संति।
2. बालओ व्व इमस्स कज्जं अत्थि।
3. तत्थ कहिं गच्छसि।
4. अम्हो! णरिंदो एत्थ आगच्छइ।
5. आम! अहं सम्मं कज्जं ण करामि।

(ब) 1. उवरिं उवरिं णरो आसि।
2. तुज्झ मित्तो एव तत्थ आसि।

3. तुज्झ मुहेण सरिसो तस्स पुरिसस्स मुहं आसि।
4. सो एक्कसि च्चिय अत्थ आगच्छीअ।
5. अहो! तहिं को वि ण आसि।

गृहकार्य: 1. (क) आसि, अत्थि, अत्थि। आसि, अत्थि, अत्थि। गच्छीअ, गच्छिहिसि, गच्छहि। आगच्छीअ, आगच्छिहिइ, आगच्छउ। करीअ, करिहिम, करमु।

(ख) अत्थि, अत्थि, अत्थि। अत्थि, अत्थि, अत्थि। अत्थि, अत्थि, अत्थि। आगच्छइ, आगच्छिहिइ, आगच्छउ। अत्थि, अत्थि, अत्थि।

2. अपनी इच्छा से लिखें।
3. किसी भी शब्द का चयन कर जिण के समान रूप लिखें।

अभ्यास 7

संज्ञा शब्दः गंगा (स्त्री.)- गंगा, जउणा (स्त्री.)-यमुना, पयाग (पु.)- प्रयाग, जइ (पु.)- यति, कलह (पु.)-लड़ाई, दिवायर (पु.)-सूर्य, दुग्ग (पु.)-किला, वय (पु.)-व्रत, णेत्त (नपु.)-नेत्र, मोण (नपु.) मौन, वच (नपु.)-वचन, उदर (नपु.)-पेट, धुआ (स्त्री.)-पुत्री, दुहिदा (स्त्री.)-पुत्री, माअरा (स्त्री.)-माता, अज्झयण (नपु.)- अध्ययन, झाण (नपु.)- ध्यान।

क्रियापदः कुज्झ (क्रोध करना), मग्ग (माँगना), चुण (चुनना, इकट्ठा करना), दुह (दुहना), सुमर (याद करना), उववस (रहना), पच्छाल (धोना, प्रक्षाल करना), रोअ (अच्छा लगना)।

व्याकरण (गंगा)

	एक.	बहु.
प्र.	गंगा	गंगा, गंगाउ, गंगाओ
द्वि.	गंगं	गंगा, गंगाउ, गंगाओ
तृ.	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए	गंगाहि, गंगाहिं, गंगाहिँ
च.	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए	गंगाण, गंगाणं
पं.	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए, गंगत्तो, गंगादो, गंगादु, गंगाओ, गंगाउ, गंगाहिंतो	गंगत्तो, गंगाओ, गंगाउ, गंगादु गंगादो, गंगाहिंतो, गंगासुंतो
ष.	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए	गंगाण, गंगाणं
स.	गंगाअ, गंगाइ, गंगाए	गंगासु, गंगासुं

नियम 1.: पंचमी बहुवचन में अकारान्त शब्दों को प्रत्यय परे रहते ए भी होता है। जिणेहिंतो, राआणेसुंतो।

नियम 2.: वर्तमान काल के अन्य पुरुष एकवचन के प्रत्यय 'इ, दि' बहुवचन के 'न्ति' एवं मध्यम पुरुष एकवचन के 'सि', बहु. के 'ह', 'इत्था', 'ध' प्रत्यय परे रहते (बाद में होने पर) अकारान्त धातुओं के अ को ए भी हो जाता है।

अ. पु.- हसइ / हसेइ। हसदि / हसेदि। हसन्ति /हसेन्ति।
म. पु.- हससि /हसेसि। हसह / हसेह। हसित्था / हसेइत्था।
हसध / हसेध।

नियम 3: वर्तमान काल उत्तम पु. एकवचन के प्रत्यय 'मि' के परे रहते अकारान्त धातुओं के अ को आ और ए भी होता है तथा बहुवचन के 'मो, मु व म' के परे रहते अ को आ, इ व ए भी होता है।

उत्तम पु.: हसमि / हसामि / हसेमि। हसमो / हसामो / हसिमो / हसेमो। (इसी प्रकार मु. म में भी करने से हसमु / हसामु / हसिमु / हसेमु। हसम / हसेम / हसाम, हसिम रूप बनते हैं।)

प्रयोग:

1. ज्ञान के बिना सुख नहीं।
   = णाणं विणा सुहं णत्थि।
2. श्रमण के बिना श्रावक नहीं।
   = समणं अन्तरेण सावयो णत्थि।
3. गंगा और यमुना के बीच में प्रयाग है।
   = गंगं जउणं च अन्तरा पयागो अत्थि।
4. धर्म से दुर्जन दूर है।
   = धम्मत्तो दुज्जणं दूरं अत्थि।
5. नदी के समीप यति बसता है।
   = णईए अंतियं जई वसइ।
6. यतियों में क्रोध नहीं होता है।
   = जईसुं कोहो ण होइ।
7. लड़ाई नहीं करो।
   = कलहो ण करहि।
8. पेट में भोजन इकट्ठा होता है।
   = उदरम्मि भोयणं एयट्ठं हवइ।
9. मौन अच्छा लगता है।
   = मोणं रोअइ।
10. भव्य जीव जिनदेव का प्रक्षाल करता है।
    = भव्वजीवो जिणदेवस्स पच्छालं करइ।

(क) अभ्यास:

(अ) 1. गुरु के बिना शिक्षा नहीं है।
2. जल के बिना मनुष्य नहीं जीता है।
3. उसके बिना मैं नहीं हूँ।
4. मेरे घर के पास वह ठहरा है।
5. तुम सब के बिना अध्ययन नहीं है।

(ब) 1. व्रत व ध्यान के बिना मोक्ष नहीं होगा।
2. पुत्री कल माता के निकट होगी।
3. युवतियाँ यति के निकट कलह के बिना रहेगीं।
4. यहाँ का किला अच्छा होगा।
5. कोई भी यति क्रोध नहीं करेगा।
6. वह प्रयाग में मौन धारेगा।
7. मैं गुरू के निकट जाऊँगी।

(ख) शुद्ध करो:

जुवई विणा। गुरुस्स अंतियं। अमूओ आगच्छइ।
अप्पाणं झंति। मौणो अत्थि। वचो ण बोल्लइ।

गृहकार्य: 1. अभ्यास 'क' के वाक्यों को आज्ञा या विधि काल में परिवर्तित करो।
2. अभ्यास 'ख' के वाक्यों को वर्तमान व भूतकाल में परिवर्तित करो।
3. कुज्झ क्रिया पद के पूरे रूप स्मरण करो।

स्वयं की परीक्षा स्वयं करें

पूर्णांक - 100

प्र. 1. प्राकृत में मूल शब्द लिखें। **30**

वह ( ), यह ( ), कौन ( ),
कन्या ( ), मुख ( ), कवि ( ),
इतना ( ), एक बार ( ), कब ( ),
वह ( ), जितना ( ), निश्चय ( ),
युवति ( ), राजा ( ), नदी ( ),
जल ( ), चश्मा ( ), यौवन ( ),
विद्या ( ), शोभा ( ), कथा ( ),
ग्रन्थ ( ), प्यास ( ), स्मृति ( ),
रात ( ), मैं ( ), मरघट ( ),
तृषा ( ), प्राकृत ( ), बुद्धिमान ( ),

प्र. 2. क्रिया पदों के अर्थ लिखें। **10**

थुण ( ), मुण ( ),
थक्क ( ), डर ( ),
उच्छल ( ), कंद ( ),
झा ( ), णे ( ),
बीह ( ), दरिस ( ),

प्र. 3. प्राकृत वाक्यों का हिन्दी में अर्थ लिखें। **10**

1. अहं कल्ल आगच्छीअ।
2. सो पोत्थअं पढेदि।
3. अमू तं बोल्लिहिइ।
4. सव्वे बालआ अत्थ संति।
5. णाणवंता जणा कह अत्थि अज्ज।

प्र. 4. वाक्यों की रचना प्राकृत में करें: 10

1. अरिहंत भगवान् के लिए हम क्या दें।
2. ईर्ष्यालु मनुष्य सब जगह दुःख प्राप्त करते हैं।
3. वीर भगवान् से धर्म तीर्थ चल रहा है।
4. मैं पकाने के लिए वहाँ जाता हूँ।
5. जो जीता था, जो जीता है और जो जीवेगा उसे जीव जानो।

प्र. 5. स्त्री. व नपु. लिंग के उकारान्त शब्द कोई पाँच लिखो। 10

प्र. 6. **क**–विणा के योग में कौन–कौन सी विभक्तियाँ होती हैं। 12
ख–पंचमी विभक्ति कहाँ–कहाँ होती है। कोई दो उदाहरण दो।
ग–अधिकरण या आधार में कौन सी विभक्ति होती है।

प्र. 7. जिण शब्द के पूरे रूप लिखें। 8

उत्तर

(क) (अ) 1. गुरुं विणा सिक्खा णत्थि।
2. जलेण विणा णरो ण जीवइ।
3. तं विणा अहं णत्थि।
4. मज्झ घरस्स अंतियं सो ठाइ।
5. तुमेहिं विणा अज्झयणं णत्थि।

(ब) 1. वयं झाणं च विणा मोक्खो णत्थि।
2. पुत्ती कल्लिं मायाए अंतियं होहिइ।
3. जुवईओ जइं समीवं कलहेण विणा उववसिहिंति।
4. इमस्स दुग्गो सुट्ठु होहिइ।
5. को वि जई कोहं ण करिहिदि।
6. सो पयागे मोणं धारिहिइ।
7. अहं गुरुं समीवे गच्छिहिमि।

गृहकार्य: 1. णत्थि, जीवउ, होमु, ठाउ, णत्थि।

2. होइ, होहीअ। हवइ, हवीअ। णिवसंति, णिवसीअ। होइ, होहीअ, करइ, करीअ। धारइ, धारीअ। गच्छमि, गच्छीअ।

3. कुज्झ-वर्त.-अ.पु.-कुज्झइ-कुज्झेइ, कुज्झदि-कुज्झेदि। कुज्झंति-कुज्झेंति।

म.पु.-कुज्झसि-कुज्झेसि। कुज्झह-कुज्झेह, कुज्झित्था-कुज्झेइत्था, कुज्झध-कुज्झेध।

उ.पु.-कुज्झमि-कुज्झामि-कुज्झेमि। कुज्झमो-कुज्झामो-कुज्झिमो-कुज्झेमो, कुज्झमु-कुज्झामु-कुज्झिमु-कुज्झेमु, कुज्झम-कुज्झाम-कुज्झिम-कुज्झेम।

भूतकाल-कुज्झीअ, कुज्झीअ। कुज्झीअ, कुज्झीअ। कुज्झीअ, कुज्झीअ।

भविष्यत्-कुज्झिहिइ, कुज्झिहिंति। कुज्झिहिसि, कुज्झिहिह। कुज्झिहिमि, कुज्झिहिमो।

विधि-कुज्झउ, कुज्झंतु। कुज्झहि, कुज्झह। कुज्झमु, कुज्झमो।

उत्तर- स्वयं की परीक्षा स्वयं करें:

प्र.1. त, इम, क, बाला, मुह, कवि, इत्तिल, सइ, कदा, अमु, जेत्तिअ, खलु, जुवइ, णरिंद, णई, वारि, एणगो, जोव्वण, विज्जा, सोहा, कहा, गंध, तिसा, सति, रत्ति, अहं, मसाण, तिसा, पाइय, धीवंत।

प्र.2. स्तुति करना, जानना, थकना, डरना, उछलना, रोना, ध्यान करना, ले जाना, डरना, दिखलाना।

प्र.3. 1. मैं कल आया था।

2. वह पुस्तक/ग्रंथ पढ़ रहा है।

3. वह उसको बोलेगा।

4. सभी बालक यहाँ पर हैं।
5. ज्ञानवान् मनुष्य कहाँ हैं आज।

प्र.4. 1. अरिहंत भगवंतस्स अम्हे किं दामो।
2. ईसावंता णदा सव्वत्त दुल्खं पावंति।
3. वीरभगवंतत्तो धम्मतित्थं चलइ।
4. अहं पचिउं तत्थ गच्छामि।
5. जो जीवीअ जो जीवइ जो जीविहिइ च तं जाणहि।

प्र.5. स्वयं चयन करें।

प्र.6. क. द्वितीया, तृतीया।
ख. 'से' के अर्थ में, जिससे अलग हो, उत्पन्न हो, भय हो, रक्षा हो, पढ़ना हो, तुलना से तथा कारण (हेतु) में।
ग. सप्तमी।

प्र.7. जिण के रूप शब्द रूप में देखें।

अभ्यास 8

पु. संज्ञा शब्दः अवराह (अपराध), आगम (शास्त्र), कर (हाथ), चाय (त्याग), दिवायर (सूर्य), पइ (पति), पिआमह (दादा), पोत्त (पोता), कयंत (मृत्यु), पड (वस्त्र), परिहार (त्याग), भव (संसार), माउल (मामा), पिअ (पिता), मेह (मेघ), रहुणंदण (राम), विणय (नम्रता), सक्क (इन्द्र), उदग (पानी), सायर (समुद्र), हणुवंत (हनुमान), मित्त (मित्र), रयण (रत्न), सलिल (पानी)।

क्रियापदः अकर्मक क्रियाः अच्छ (बैठना), उवविस (बैठना), खंज (लंगड़ाना), खास (खांसना), खिस (खिसकना), गल (गलना), गुंज (गूँजना), गज्ज (गरजना), चिट्ठ (बैठना)।
सकर्मक क्रियाः अस (खाना), आरुह (ऊपर चढ़ना), इच्छ (इच्छा करना), गच्छ (जाना), उवयर (उपकार करना), गरह (निन्दा करना), चक्ख (चखना), चुअ (त्याग करना)।

व्याकरण

भूतकालिक कृदन्त व वाच्य

1. अवराह शब्द से लेकर मित्त शब्द के रूप जिण की तरह चलेंगे एवं पइ शब्द पु. इकारान्त णाणि की तरह।
2. मित्त शब्द पु. नपु. दोनों में चलता हैं। पु. में मित्तो एवं नपु. में मित्तं।
3. अच्छ से लेकर चुअ तक के क्रियाओं के रूप चारों कालों में पूर्व की तरह (हस की तरह) चलेगें।

नियम 1: गया, हुआ आदि भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए भूतकालिक क्रिया के अतिरिक्त भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। क्रिया में अ/य, त, द प्रत्यय लगाकर भूतकालिक कृदन्त बनाये जाते हैं। क्रिया में इन प्रत्ययों के लगाने पर क्रिया के अन्त्य 'अ' का 'इ' हो जाता है।

हस + अ/ हस् + इ+ अ = हसिअ (हँसा)

नियम 2: ये भूतकालिक कृदन्त विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं अर्थात् विशेष्य के अनुसार ही इनके रूप चलते हैं। जैसे-णरो हसिओ। बाला हसिआ। मित्तं हसिअं।

नियम 3: भूतकालिक प्रत्यय सकर्मक व अकर्मक दोनों प्रकार की क्रियाओं के साथ जोड़े जाते हैं। सकर्मक- पढ़-पढिअ। अक.-हस-हसिअ।

नियम 4: सकर्मक क्रिया से कर्म वाच्य एवं अकर्मक क्रिया से कर्तृवाच्य. व भाव वाच्य होते हैं।

नियम 5: वाच्य तीन प्रकार के होते है-1. कर्तृ वाच्य 2.कर्म वाच्य 3. भाव वाच्य।

कर्तृ वाच्य- जिस वाक्य में कर्ता की मुख्यता होती है एवं कर्ता के अनुसार ही क्रिया को रखा जाता है। इसमें कर्ता में प्रथमा विभक्ति, कर्म में द्वितीया विभक्ति एवं क्रिया कर्तानुसार रखी जाती है। लेकिन कृदन्त प्रयोग में कर्तृवाच्य में कर्म का प्रयोग नहीं होता है। सो हसिओ।

कर्म वाच्य- जिस वाक्य में कर्म की मुख्यता होती है एवं क्रिया कर्मानुसार होती है। इसमें कर्ता में तृतीया विभक्ति एवं कर्म में प्रथमा विभक्ति तथा क्रिया कर्म के अनुसार होगी। तेण पोत्थअं पढिअं।

भाव वाच्य- इसमें क्रिया का अपने ही रूप में होना मात्र मुख्य है। जैसे- हँसा, सोया। इसमें कर्ता में तृतीया विभक्ति एवं क्रिया अन्य पुरु ष एक वचन में ही होती है। लेकिन कृदन्त प्रयोग में भाव वाच्य में क्रिया नपु. प्रथमा एकवचन की होगी। तेण हसिअं।

प्रयोग: कर्तृवाच्य: वह बैठी-सा अच्छिआ।
वह खाँसा- सो खासिदो।
वस्त्र खिसका - वत्थं खिसियं।
मेघ गरजा-मेहो गज्जितो।
सब पुत्र बैठे- पुत्ता अच्छिआ।

भाव वाच्य: उसके द्वारा बैठा गया(स्त्री.)-ताए अच्छिअं।
उसके द्वारा खांसा गया(पु.)-तेण खासिदं।
सब बालिकाओं के द्वारा बैठा गया-सव्वाहिँ बालाहिँ उवविसिदं।
मेघों के द्वारा गरजा गया-मेहेहिं गज्जिदं।
वस्त्र के द्वारा खिसका गया- वत्थेण खिसियं।

कर्म वाच्य: मेरे द्वारा भोजन खाया गया-मए भोयणं असिदं।
हम सबके द्वारा ग्रन्थों की इच्छा की गई-अम्हेहि गंथा इच्छिआ।
माताओं के द्वारा पुत्र देखा गया-माआहिं पुत्तो देक्खिदो।
पिता के द्वारा पुत्री बुलाई गई-बप्पेणं पुत्ती कोक्किदा।

(क) अभ्यास:

(अ) 1. वह रहा। 2. वह उत्पन्न हुई। 3. वे सब डरे।
4. तुम सब जागे। 5. हम सब नाचे। 6. तुम सब हुए।
7. युवतियाँ प्रसन्न हुई। 8. गुरु ठहरे।

(ब) 1. तुम सब के द्वारा हँसा गया।
2. इन सबके द्वारा जागा गया।
3. माताओं के द्वारा खुश होया गया।
4. दादा के द्वारा घूमा गया।
5. पतियों के द्वारा नाचा गया।
6. वस्त्र के द्वारा गला गया।
7. मामा के द्वारा खाँसा गया।

(स) 1. उन सबके द्वारा फल खाये गये।
2. हम सबके द्वारा जिनालय जाया गया।
3. दुर्जन के द्वारा अपराध का त्याग किया गया।
4. पोतों के द्वारा पितामह को बुलाया गया।
5. हनुमान के द्वारा राम पूजा गया।

(ख) शुद्ध करोः

1. सो इच्छिआ।
2. सक्को सग्गं गच्छिदं।
3. पोत्तेणं अवराहो चुअया।
4. तेण खंजिआ।
5. मए खासितो।

गृहकार्यः 1. अभ्यास 'क' के वाक्यों को भाववाच्य मे परिवर्तित करें।

2. अभ्यास 'ख' के वाक्यों को कर्तृवाच्य में बनावें।
3. सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं की पहचान बतावें।

उत्तर

(क) (अ) 1. सो वसिओ।

2. सा उप्पण्णा।
3. ते भीया।
4. तुम्हे जग्गिआ।
5. अम्हे णच्चिआ।
6. तुम्हे हुवया।
7. जुवईओ हरिसिआओ।
8. गुरुणो ठाआ।

(ब) 1. तुम्हेहिं हसिअं।

2. एदेहिं जग्गिअं।
3. मायाहिं उल्लसिअं।
4. पिआमहेण घुमिअं।
5. पईहिं णच्चिअं।
6. वत्थेण गलिअं।
7. माउलेण खासिअं।

(स) 1. तेहिं फलाणि खाइआणि।
2. अम्हेहिं जिणालयो गच्छिओ।
3. दुज्जणेण अवराहो चुइदो।
4. पोतेहिं पिआमहो कोक्किओ।
5. हणुमंतेण रहुणंदणो अच्चिओ।

(ख) 1. ओ
2. दो
3. यो
4. अं
5. दं

गृहकार्य: 1. तेण वसिअं। ताए जासिदं। तेहि बीहियं। तुम्हेहिं जग्गिअं। अम्हेहिं णच्चिदं। तुम्हेहिं हवियं। जुवईहिँ हरिसिअं। गुरुणा ठादं।

2. तुम्हे हसिआ। इमे जग्गिदा। माआओ हरिसियाओ। पिआयहो घुमितो। पइणो णच्चिदा। वत्थं डालियं। माउलो खासिओ।

3. **सकर्मक**-जिसमें क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़े या जिसमें किसका, किसकी की ओर लगाने पर कर्म का ज्ञान या अपेक्षा होवे वह सकर्मक क्रिया है।

अकर्मक-जिसका कोई कर्म नहीं होता। जिसमें क्रिया का प्रभाव कर्त्ता पर पड़े या किसकी, किसका इन प्रश्नों की अपेक्षा न रहे वह अकर्मक क्रिया है।

अभ्यास 9

त, द, अ, य इन भूतकालिक कृदन्त प्रत्ययों से भिन्न कुछ बने हुये भूतकालिक कृदन्त क्रियाएँ:

अ: **अकर्मक क्रिया**- मुअ (मरा), थिअ (ठहरा), संतुट्ठ (प्रसन्न हुआ), णट्ठ (नष्ट हुआ), सुत्त (सोया), बद्ध (बंधा), भीय (डरा), पसण्ण (प्रसन्न हुआ)।

ब: गअ/गय (गया), पत्त (पहुँचा)।

स: **सकर्मक क्रिया** - दड्ढ (जलाया गया), दिण्ण (दिया गया), दिट्ठ (देखा गया), दुम्मिय (कष्ट पहुँचाया गया), णीय (ले जाया गया), लुअ (काट दिया गया), वुत्त (कहा गया), हय (मारा गया), णिहिय (रक्खा गया), किय (किया गया), खद्ध (खा लिया गया), छुद्ध (डाल दिया गया), संपुण्ण (पूर्ण कर दिया गया), पवण्ण (प्राप्त किया गया), पत्त (प्राप्त हुआ), णिदिट्ठ (कहा), लद्ध (प्राप्त)।

व्याकरण (भूतकालिक कृदन्त)

ऊपर दी हुई मुअ से लेकर लद्ध तक के भूतकालिक कृदन्त अपने-अपने संज्ञारूप विशेष्य के लिंगों के अनुसार चलेंगे:

पु. में = मुओ । गओ । दड्ढो आदि।
नपु. में = मुअं । गअं । दड्ढं आदि।
स्त्री. में = मुआ। गआ । दड्ढा आदि।
भवति (भव+व.अ.पु.बहु.)-होते हैं-ध.पु. 13, पृ. 2
पडिवज्जंति (प्रति+पद+व.अ.पु.बहु.)-प्रतिपद्यन्ति-कहे जाते हैं-ध.पु. 13, पृ. 2
वुच्छं (भवि.उ.पु.एक.) कहूँगा-भूला. 693
कीरदे (भाव वाच्य)-की जाती है-तस्स अत्थपरूवणा कीरदे-ध.पु. 13/18

फुसदि (फुस+अ.पु.एक.)-स्पर्श करता है--ध.पु. 13, पृ. 20
पविसदि (प+विस+दि)-प्रवेश करता है-ध.पु. 13, पृ. 20
पुसिज्जदि (भाव वाच्य)-सव्वं सव्वप्पणा पुसिज्जदि-ध.पु. 13, पृ. 20
गच्छदे (कर्त.वा.)-प्राप्त होना-ध.पु. 13, पृ. 19
गम्मदे (भाव. वा.) (गा.)-जाना जाता है-ध.पु. 13, पृ. 18
णव्वदे (भाव. वा.) (णा)-जाना जाता है-ध.पु. 13, पृ. 18
उवलब्भदि (कर्म वा.)-उपलब्ध होता है-ध.पु. 13, पृ. 22
कीरदि (भाव वाच्य)-जस्स णामं कीरदि-ध.पु. 13, पृ. 41
घडदि (घड+दि)-घटित होता है-ध.पु. 13, पृ. 40
अणुहरइ (अणु+हृ+इ)-अनुकरण करता है-ध.पु. 13, पृ. 42
वोच्छं ( )-(वक्ष्यामि)-कहूँगा-जीवस्स परूवणं वोच्छं-जी.का. 1
लक्खिज्जंते (लक्ख+कर्मवा.-बहु.)-(लक्ष्यन्ते)-देखे जाते हैं जेहिं दु लक्खिज्जंते-जी.का. 81 एकव. में 'लक्खिज्जए' (कर्पू. 16)
रोचेदि (रोच+दि)-रुचि करना-ण य धम्मं रोचेदि-जी.का. 17
सद्दहदि (सद्दह+दि)-श्रद्धान करना-जी.का. 18
विरुज्झदे (कर्म वा.)-विरोध को प्राप्त होना-ज.ध.पु. 12, पृ. 59
गिण्हदि (गिण्ह+दि-अ.पु. एक.)-ग्रहण करता है जो संजमं ण गिण्हदि-जी. का. 23
बंधदे (बंध+दे-अ.पु.एक.)-बंध करना बंधदे आउं (जी.का. 23)
मरदि (मर+दि-अ.पु.एक.)-मरता है-जी.का. 23
हवे (हव+ए+इ, इलुक्)-होता है-वेदगं हवे सम्मं-जी.का. 25
वसइ (वस+इ-अ.पु.एक.)-रहता है-जी.का. 33
उप्पज्जदे (उ+पज्ज+दे)-उत्पन्न होता है
गुणिदे उप्पज्जदे संखा-जी.का. 36
संकमेदि (सं+कम+ए+दि)-संकमण करना-जी.का. 39
अणुसरामो (अणु+सर+आमो उ.पु.बहु.)-अनुसरण करते हैं-ज.ध.पु. 12, पृ. 2
कस्सामो (क+आमो-उ.पु.बहु.)-करते हैं-अत्थपरूपणं कस्सामो-ज.ध.पु. 12, पृ. 2
परूवेइ-प्ररूपण करता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 3

भणिहिदि (भण+हि+दि. भवि. अ.पु.बहु.)-कहूँगा पुरदो भणिहिदि-ज.ध.पु. 12, पृ. 3

समुवलब्भइ-(अ.पु.एक. कर्तृ.वा.)-उपलब्ध होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 5

लहदे-(कर्तृ.वा.अ.पु.एक.)-प्राप्त होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 6

वक्खाणेंति-(बहु.)-व्याख्यान करते हैं-ज.ध.पु. 12, पृ. 7

अवेक्खदे-(अ.पु.एक.)-अपेक्षा करता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 13

उवलब्भदे-(अ.पु.एक. कर्म.वा.)-उपलब्ध होता है-ज.ध.पु. 12, पृ.15

णव्वदे (कर्म.वा.)-जाना जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 15

इच्छिज्जदे (कर्म.वा.)-इच्छा करता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 15

जाणिज्जदि (कर्म.वा.)-जाना जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 19

कीरदि (कर्म.वा.)-किया है-ज.ध.पु. 12, पृ. 19

कीरदे (कर्म.वा.)-किया है-ज.ध.पु. 12, पृ. 24

वत्तइस्सामो (उ.पु. बहु.)-कहेंगे, बताएंगे-ज.ध.पु. 12, पृ. 34

परिवत्तदि (अ.पु.एक.)-परिवर्तन होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 34

परिणमइ (अ.पु.एक.)-परिणमन करता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 36

पारभंति (अ.पु.बहु.)-प्रारम्भ होना-ज.ध.पु. 12, पृ. 47

लब्भंति (अ.पु.बहु.)-प्राप्त होना-ज.ध.पु. 12, पृ. 52

संभवंति (अ.पु.बहु.)-संभव है-ज.ध.पु. 12, पृ. 55

घडदि, घडदे (अ.पु.एक.)-घटित होना-ज.ध.पु. 12, पृ. 57, 132

समप्पदि (अ.पु.एक.)-समाप्त होता-ज.ध.पु. 12, पृ. 84

समप्पंति (अ.पु.बहु.)-समाप्त करना-ज.ध.पु. 12, पृ. 55

समुप्पजदि, समुप्पजइ (अ.पु.एक.)-उत्पन्न होना-ज.ध.पु. 12, पृ. 58, 97

पुच्छिज्जदे-पूछा गया (भा.वा.)-ज.ध.पु. 12, पृ. 60

भणइ-कहना-ज.ध.पु. 12, पृ. 60

उवइसइ--उपदेश देना-ज.ध.पु. 12, पृ. 69

उवजुज्जदे-उपयुक्त है-ज.ध.पु. 12, पृ. 73

अच्छंति-रहता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 75

अवचिट्ठदि-रहता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 75

उवजुज्जदि-प्रयुक्त होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 76

अवगम्मदे, अवगम्मदि (कर्म.वा.) जाना जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 78, 100
अणुवट्टदे-अनुवृत्ति है-ज.ध.पु. 12, पृ. 80
भवदि-होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 91
दीसंति (कर्म.वा.) दिखलाई देते हैं-जीवा अणंता होदूण दीसंति-ज.ध.पु. 12, पृ. 93
पविसइ-प्रवेश करना है-ज.ध.पु.
वुच्चंति, वुच्चदे (कर्म.वा.)-कहा जाता है-चु.सू.ज.ध.पु. 12, पृ. 110, 111
आवूरिज्जदि-भरा जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 114
पवाइज्जदे-प्रवाह मान है-ज.ध.पु. 12, पृ. 116
पण्णाविज्जदे-प्रज्ञापित है-ज.ध.पु. 12, पृ. 116
आदिरिज्जदि-आदर प्राप्त है-ज.ध.पु. 12, पृ. 116
अवहिरिज्जंति-अपहृत होते हैं, भाजित होते हैं-ज.ध.पु. 12, पृ. 118
परिच्छिज्जदे-जाना जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 119
रांति-रहता है-जवमज्झेण जीवा रांति-ज.ध.पु. 12, पृ. 121
ढुक्कदि-प्राप्त होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 123
जायदे-उत्पन्न होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 123
वक्खाणिज्जदे-व्याख्यान किया जाता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 126
पावइ-प्राप्त होता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 128
सक्किज्जदे-शक्य होना-तुमुं प्रत्यय के साथ इसका बहुधा प्रयोग होता है वड्ढावेदुं ण सक्किज्जदे-ज.ध.पु. 12, पृ. 129
परिहायदि-घटता है-ज.ध.पु. 12, पृ. 130
जोइज्जदे (भा.वा.)-योजना करना-ज.ध.पु. 12, पृ. 270
जोइज्जइ-देखना-ज.ध.पु. 12, पृ. 131
घेप्पंति-(अ.पु.बहु.)-ग्रहण करते हैं-ज.ध.पु. 12, पृ. 137
भवे-होवे-चउव्विहो भवे-क.पा.गा. 70
आगच्छइ-प्राप्त होना, आना-संधाणमागच्छइ-ज.ध.पु. 12/153
अणुबंधदि-अनुबंध होना, बना रहना तज्जणिदसंसकारो अणुबंधदि-ज.ध.पु. 12/153
पडिवज्जदि-प्राप्त होना-ज.ध.पु. 12/153

अहिकीरदे (कर्म.वा.)-अधिकृत करना-ज.ध.पु. 12/173
अवणेंति-अपनयन करना-ज.ध.पु. 12/175
विहासिज्जंते-(कर्म.वा.)-व्याख्यान करना-ज.ध.पु. 12/178
ठवेइ-स्थापित करता है-ज.ध.पु. 12/181
वेदयदि-वेदन करता है-चु.सु.ज.ध.पु. 12/181
परिसेसेइ-शेष रहना-ज.ध.पु. 12/199
उवसेसेदि-शेष रहना-ज.ध.पु. 12/199
आढावेइ-आरम्भ करना-ज.ध.पु. 12/203
अणुमग्गिज्जदे-अनुमार्गण करना-ज.ध.पु. 12/207
वोच्छिज्जदे (कर्म.) व्युच्छिन्न होना-ज.ध.पु. 12/222
पवत्तीहिंत्ति (बहु.)-प्रवृत्त होंगे-ज.ध.पु. 12/232
वोच्छिज्जदि (कर्तृ.वा.)-टूटना-ज.ध.पु. 12/254
विसुज्झदि (कर्तृ.वा.एक.)-विशुद्ध होना-ज.ध.पु. 12/258
विसिंचदे (दि.)-कर्तृ.वा.एक.-निसिंचित करना-ज.ध.पु. 12/265
णिक्खिवदि-निक्षेप करना-ज.ध.पु. 12/265
देदि-देता है-ज.ध.पु. 12/265
घादेदि-घात करता-ज.ध.पु. 12/267
णासेइ-नष्ट करता है-ज.ध.पु. 12/267
खंडेदि-खंड करता है-ज.ध.पु. 12/274
पडिहम्मदे-व्युच्छिन्न होना-ज.ध.पु. 12/277
उप्पाएदि-उत्पन्न करना-ज.ध.पु. 12/280
पयट्टदे (कर्तृ.वा.) (दि)-प्रवर्तन होना-ज.ध.पु. 12/306, -ज.ध.पु. 13/13
वोच्छामि-कहूँगा-जी.का. 332
पडिवज्जंति-प्राप्त होना-जी.का. 375
जाणदे/जाणदि-जानता है-जी.का. 376, 377
पवड्ढदे-प्रवर्धते-बढ़ता है-जी.का. 424
उप्पज्जदे-उत्पन्न होना-जी.का. 441
विजाणए-विजानाति-जानता है-जी.का. 449
संछुहदि-संक्रमित करना-ज.ध.पु. 13, पृ. 5

संपक्खिवदि-प्रक्षेप करना, रखना-जी.का. 13, पृ. 5
वेदिज्जदि-वेदन किया जाता, कर्म.वा. में मिच्छत्त परिणामो वेदिज्जदि-ज.ध. पु. 13, पृ. 5
वोलेदि-उल्लंघन करना-ज.ध.पु. 13/6
परूविज्जदे-प्ररूपण किया जाता-ज.ध.पु. 13/8
अधिच्छदि, अधिच्छइ-उल्लंघन करना-ज.ध.पु. 13/9
सिज्झदि-सिद्ध होता है-ज.ध.पु. 13/10
पवंचिज्जदे-विस्तार से कथना करना-ज.ध.पु. 13/पृ. 12
पट्ठवेइ-प्रस्थापक होना-ज.ध.पु. 13/12
होहिदि (भवि.) होगा-ज.ध.पु. 13/21
आढविज्जदि-प्रारम्भ किया जाय-ज.ध.पु. 13/22
अवहीयदि-अवधीयते, नीचे-नीचे जानना-जी.का. 37
णिव्वत्तेदि-रचना करता है-ज.ध.पु. 13/44
उवजायदे-उत्पन्न होता-ज.ध.पु. 13/51
परूविज्जिहिदि (भाव.वा.)-प्रयपणा करेंगे-ज.ध.पु. 13/56
संकिलिट्ठस्सदु (विधि वाचन)-संक्लेश को प्राप्त होवे-ज.ध.पु. 13/82
विसुज्झदु (विधि वा.)-विशुद्धि को प्राप्त हो-ज.ध.पु. 13/82
पडिहम्मदि-प्रतिघात होना-ज.ध.पु. 13/83
परावत्तदि, परावत्तेदि-परावर्तन करता-ज.ध.पु. 13/88
विहासयिस्सामो-व्याख्यान करेंगे-ज.ध.पु. 13/106
लभिहिदि-प्राप्त करेगा-चु.सु.ज.ध.पु. 13/114
पवंचिज्जदे (भाव.वा.)-विस्तार करना-ज.ध.पु. 13/120
रचेदि-रचना करता-ज.ध.पु. 13/125
चिट्ठदि-रहता है-ज.ध.पु. 13/129
फिट्टदि-नष्ट होना-ज.ध.पु. 13/129
थक्कदि-रुक जाना-ज.ध.पु. 13/147
जोएदि-स्वीकार करना-ज.ध.पु. 13/193
अवचिट्ठइ-ठहरना-ज.ध.पु. 13/193
अवेक्खदे-अपेक्षा करना-ज.ध.पु. 13/193

उवट्ठादि-प्रवत्त होना-ज.ध.पु. 13/197
उवक्कमदि-प्रवृत्त होना-ज.ध.पु. 13/197
चडाविज्जदे (भा.वा.)-चढ़ाया गया-ज.ध.पु. 13/202
हम्मदि-घात करना-ज.ध.पु. 13/212
पयट्टावेदि-करता है-ज.ध.पु. 13/213
पवत्तीहिंति (भवि. बहु.) प्रवृत्त होंगे-दो विघादा पवित्तीहिंति-ज.ध.पु. 13/222
समुवलब्भदे-प्राप्त होता-ज.ध.पु. 13/238
अवचिट्ठदे-ठहरा होना-ज.ध.पु. 13/269
संकामिज्जदे-संक्रमित होना-ज.ध.पु. 13/269
उवसामिज्जदि-उपशमाया जाना-ज.ध.पु. 13/277
छंडिदि-छोड़ देना-ज.ध.पु. 13/294
देसामासयत्त-देशामर्षकत्व-ज.ध.पु. 13/301
विपच्चिहिदि-विपाक को प्राप्त होगा-ज.ध.पु. 13/301
अब्भुवगम्मदे-स्वीकार करना-ज.ध.पु. 13/276
पसज्जदे (भाव.वा.)-प्रसंग आना णिरत्थिया पसज्जदे-ज.ध.पु. 13/276
विजाणए-विजानाति-जानता-जी.का. 449
उवसम्मेदि-उपशमाता-ज.ध.पु. 14/17
णिक्खिप्पदे-निक्षेप करना-ज.ध.पु. 14/49
पडिवज्जेज्ज-प्राप्त हो सकता है-ज.ध.पु. 14/59
जाणिज्जदे (कर्म.वा.)-जाना जाता है-ज.ध.पु. 14/122
रहस्सेदि-कम होता-ज.ध.पु. 14/289
अवयारिज्जदि-अवतरित की जाती है-ज.ध.पु. 14/302
खविज्जदि-क्षपित किया जाता है-ज.ध.पु. 14/326
पदंति (बहु.)-पतित होते हैं-ज.ध.पु. 14/351
पवत्तिहिदि (भाव.काल)-प्रवृत्ति करेगा-ज.ध.पु. 15, पृ. 2
जाणामो (उ. पु. बहु.)-हम जानते हैं-ज.ध.पु. 15, पृ. 15
उवट्ठायदि-उपस्थित होता है-चु.सू.ज.ध.पु. 15, पृ. 50
जददि-प्रयत्न करता है-जददि तवे चरित्ते य-भ.आ. 18
णज्जदि-जाना जाता है-रायते भ.आ. 100

समादियदि-ग्रहण करना-भ.आ. 101
परीदि-परिभ्रमण करता है-भ.आ. 101
पल्हादिज्जइ-(ना.धा.)-प्रल्हाद होना-भ.आ. 104

भूतकालिक कृदन्त कोश

कद-किया-सुत्तेण कदं-ध.पु. 13, पृ. 1
आदिट्ठ-कहा है, निर्देश किया है-पुव्वमादिट्ठं-ध.पु. 13, पृ. 1
उद्दिट्ठ-कहा हुआ, बताया हुआ-पुव्वुद्दिट्ठ-ध.पु. 13, पृ. 1
कय (भू.कृ.वि.)-किया-एदेण कयं-ध.पु. 13, पृ. 3
भणिद (भू.कृ.)-कहा हुआ-त्ति भणिदं होदि-ध.पु. 13, पृ. 3
खविय (भू.कृ.)-नाश किया-मूला. 93
मेलाविद (भू.कृ.)-मिला हुआ मेलाविदेसु-ध.पु. 13, पृ. 27
पक्खित्त (भु.कृ.)-प्रक्षिप्त हुआ-ध.पु. 13, पृ. 28
अवणिद-घटाया हुआ-अवणिदेसु-ध.पु. 13, पृ. 29
उवइट्ठि (वि.)-उपदिष्ट-कहा हुआ-उवइट्ठं पवयणं-जी.का. 18
णासिय (वि.)-नाशित-नाश हुआ-णासियसम्मो-जी.का. 19
जाणाविद (वि.)-ज्ञापित, ज्ञान कराया गया-चेव त्ति जाणाविदं-ज.ध.पु. 12, पृ. 18
ओइण्ण (वि.)-अवतरित हुआ, आया-एदं सुत्तमोइण्णं-ज.ध.पु. 12, पृ. 28
संजाद-होना-एवे संजादेसु-ज.ध.पु. 12, पृ. 57
समुदिद-समुदित, मिला हुआ-ज.ध.पु. 12, पृ. 63
वित्थरिद-विस्तार किया हुआ-ज.ध.पु. 12, पृ. 63
समत्थिद-समर्थित किया-ज.ध.पु. 12, पृ. 67
विवक्खिय-विवक्षित है-ज.ध.पु. 12, पृ. 72
णीद-ले जाया हुआ-एवं णीदे-इस प्रकार ले जाने पर-ज.ध.पु. 12, पृ. 91
वोलीण-व्यतीत हुआ-तिविहो कालो वोलीणो-ज.ध.पु. 12, पृ. 93
समदिक्कंत या समइक्कंत-समतिक्रान्त, व्यतीत हुआ-ज.ध.पु. 12, पृ. 94
अवहारिद-निश्चय हुआ-ज.ध.पु. 12, पृ. 94
गहिद-गृहीत हुआ-ताव गहिदाणित्ति-ज.ध.पु. 12, पृ. 100

णिद्धारिद-निर्धारित-णिद्धारिदसरूवेसु-ज.ध.पु. 12, पृ. 101

आवूरिद-आपूर्ण, भरा हुआ-ज.ध.पु. 12, पृ. 120

अवुण्ण-भरा हुआ-तसजीवेहिं अवुण्णाणि-ज.ध.पु. 12, पृ. 120

संपत्त-प्राप्त हुआ-संपत्तजीवपमाणं-ज.ध.पु. 12, पृ. 130

प्राकृत व्याकरण नियम

1. 'इति' का संधि हुए बिना भी 'त्ति' के रूप में प्रयोग होता है जैसे 'संखेओ ओघो त्तिय' (जी.का. 3)। अंतिम ध्वनि के लिए 'त्ति' हो जाता है। दीर्घान्त का ह्रस्व भी होता है। 'विसोहि त्ति'-ज.ध.पु. 12, पृ. 24

2. 'जीवा पज्जत्तिआणभासमणो' जी.का. 5 इससे यह भी समझा जा सकता है कि आण, भास, मणो ये तीनों समासान्त पद न होकर पृथक् पद है जिससे यह फलित होता है कि बिना विभक्ति के मूल पदों का प्रयोग प्राकृत में होता है। इसी तरह की प्रयोग विधि द्रव्यसंग्रह में भी है।-'वण्ण रस पंच' (द्र.सं. 7)। अन्यत्र भी शास्त्रों में इन प्रयोगों की बहुलता है।

3. प्रचलित संज्ञा शब्द में 'क' प्रत्यय अन्त में जोड़ने की प्रवृत्ति भी देखी जाती है। उस 'क' का 'ग' या 'य' हो जाता है जैसे 'कोहमाणगम्मि' (जी.का. 6) यहाँ मान में 'क' प्रत्यय जोड़कर विभक्ति लगी है।

   'आउ या आउग' दोनों शब्द 'आयु' के लिए हैं। प्रयोग-बंधदे आउं (जी.का. 23), आउगं पुरा बद्धं (जी.का. 24) 'य' का प्रयोग भी विकल्प से होता है। जैसे 'मिस्स या मिस्सय' दोनों शब्द 'मिश्र' के लिएं हैं। प्रयोग-'मिस्सम्मि' (जी.का. 24), 'मिस्सयभावो' (जी.का. 22)

   प्राकृत में दो पदों के बीच 'स्वरसंधि' की नियामकता नहीं है जैसे-'सजोगकेवलिजिणो अजोगी य' यहाँ 'अजोगि' के 'अ' की पूर्व स्वर में संधि नहीं हुई है।

4. स्वर संधि लोप के उदाहरण-सम्मत्तद्धा-सम्मत्त+अद्धा (जी.का. 19), सासणक्खो-सासण+अक्खो (जी.का. 19), फासणियोअं (ध.पु. 13, पृ. 1) फास+अणियोगं, केणहिओ (क.पा.गा. 63)

5. स्वरसंधि के उदाहरण-अण्णदरुदयादो-अण्णदर उदयादो-जी.का. 19 तिण्णेव-तिण्णि+एव (जी.का. 11)

'उ' स्वर के परे होने पर यदि उसके पूर्व 'अ' स्वर हो तो उससे संधि होकर भी 'ओ' नहीं होता है। इस नियम में विकल्प है। जैसे

सम्मामिच्छुदएण-सम्मामिच्छ+उदएण (जी.का. 21)

देसघादिस्सुदयादो-देसघादिस्स+उदयादो (जी.का. 25)

कसायुदयादो-कसाय+उदयादो (जी.का. 26)

उवजोगमणिओगं-उवजोगं+अणिओगं (ज.ध.पु. 12, पृ. 1), जेणेदाओ-ज.ध. पु. 12, पृ. 141

सिस्साहिप्पायं-सिस्स+अहिप्पायं (ज.ध.पु. 12, पृ. 2)

6. पंचमी वि. में 'आत्' के 'त' का लोप अक्सर प्रयोग होता है। जैसे णियमा-नियम से (जी.का. 14), खया-क्षय से (जी.का. 26) गुरुणियोगा-गुरु नियोग से (जी.का. 27)

7. अन्तिम हलन्त 'त' का लोप होता है क्वचित् संधि भी देखी जाती है। 'जगपदरं' (ज.ध.पु. 12, पृ. 75) यहाँ जगत् के 'त' का लोप होकर 'जग' शब्द प्रयुक्त हुआ है। 'जुगवदुवजुत्ता' (ज.ध.पु. 12, पृ. 1) यहाँ जुगवद्+उवजुत्ता यह संधि के साथ प्रयोग है। कथंचि कथंचित! (ज.ध. पु. 12, पृ. 8) आहो आहोस्वित् अथवा अर्थ में (ज.ध.पु. 12, प1. 8)

तदपरूवणादो-तद्+अपरूवणादो-ज.ध.पु. 12, पृ. 19

8. अन्तिम हलन्त 'त' का लोप होने पर पूर्व व्यंजन पर अनुस्वार भी लगता है जैसे जुगवं-युगपत्-जुगवं जम्हा-(द्र.सं.)।

9. इव का केवल 'व' भी रह जाता है-पुव्वं व वत्तव्वो-ज.ध.पु. 12, पृ. 83 'विय' अव्यय शौरसेनी जैनागम में 'अपि च' के लिए अर्थात् 'भी' अर्थ में प्रयुक्त होता है जैसे-इंदो विय संसइयो (जी.का. 16) जबकि नाटकीय शौरसेनी में 'विय' अर्थात् 'इव' 'के समान' अर्थ में देखा जाता है। प्राकृतव्याकरण में इव अर्थ के लिए नियम दिया है 'इवस्य विअ' (12/24 वर.)। 'मृच्छकटिका' आदि नाटक साहित्य में भी इसी तरह 'इव' अर्थ में प्रयोग है। 'इदं णवं विअ' (पृ. 8) 'णववहूकेसहत्थं विअ' (पृ. 10) इत्यादि। 'इव' का प्रयोग भी प्राकृत में होता है। 'दहिगुडमिव'-जी.का. 22।

10. सप्तमी विभक्ति में एकवचन में 'जा', 'ता' सर्वनाम से 'जहिं' 'तहिं' बनता है जो मात्र जैनागम शौरसेनी की विशेषता है। (जी.का. 24)

11. क्वचित् क्रियापद में अन्तिम प्रत्यय का लोप भी देखा जाता है-जैसे हवे (जी.का. 25, 32), वंदे (द्र.सं. 1)

'कदरिस्से' आदि सर्वनाम शब्दों में 'इस्से' प्रत्यय षष्ठी, सप्तमी दोनों विभक्तियों में प्रयुक्त होता है।

एदिस्से गाहाए अत्थपरूवणं कस्सामो (ज.ध.पु. 12, पृ. 2)। यहाँ षष्ठी वि. में प्रयोग है। 'कदरिस्से च गदीए' कदमिस्से (क.पा.गा. 81) (क.पा.गा. 65)। किस गति में, यहाँ सप्तमी प्रयोग है। 'एक्किस्से गदीए' (ज.ध.पु. 13) एक गति में...

12. सप्तमी वि. के बहुवचन में 'सु' प्रत्यय से पहले 'इकारान्त शब्द ह्रस्व ही बना रहता है। जैसे 'जीवट्ठाणादिसु'-ज.धु.पु. 12, पृ. 15

13. 'थ' का 'ध' विकल्प से होता है जैसे कथं होदि-ज.ध.पु. 12, पृ. 27 अथवा अथवा-(चु.सू.ज.ध.पु. 12, पृ. 74, कहीं 'थ' का 'ह' भी होता है—अहवा अथवा-ज.ध.प. 12, पृ. 63।

14. संबंध कृदन्त के साथ भी संधि हो जाती है-सपिंडिऊणप्पाबहुअं (ज.ध. पु. 12, पृ. 19)। यहाँ अप्पाबहुअं के 'अ' का लोप होकर संधि हुई है, कादूणे त्ति-ज.ध.पु. 12, पृ. 38।

15. जिन शब्दों के अन्त में 'य' है उनमें 'ए' प्रत्यय जुड़ता है तो मात्र 'ए' रह जाता है जैसे णेरइय इसका द्वि.वि. का बहुवचन 'णेरइए' होगा-देवणेरइए मोत्तूण-ज.ध.पु. 12, पृ. 24

16. कुछ शब्द प्राकृत भाषा के ही होते हैं जिनकी संस्कृत छाया उपलब्ध नहीं होती है जैसे 'आगरिसा' (ज.ध.पु. 12, पृ. 29)। अर्थात् परिवर्तन वार। एत्थागिरिसा त्ति वुत्ते परियट्टणवारो त्ति गहेयव्वं।

17. पं.वि. के बहु. में 'आहिंतो' प्रत्यय के 'आ' का लोप-जैसे 'आगारिस' में पं.वि. का बहु-आगरिसहिंतो-ज.ध.पु. 12, पृ. 40

18. 'अत्थि' यह क्रियापद अव्ययरूप से है जो बहुवचन कर्त्ता के साथ भी प्रयुक्त होता है। उदयट्ठाणाणि अत्थि-ज.ध.पु. 12, पृ. 63

अत्थि अणंता जीवा-

'भ' का 'ह' विकल्प से होता है-जैसे लोह, लोभ (ज.ध.पु. 12, पृ. 81)

19. 'गदि-आदि' इस तरह संधि में 'अ' का 'य' हो जाता है-'गदियादि'-ज.ध. पु. 12, पृ. 88

20. संबंध कृदन्त में निषेधात्मक 'अ' भी जुड़ कर 'नञ्' समास होता है जो संस्कृत में नहीं होता है—माणो अहोदूण-ज.ध.पु. 12, पृ. 93, अगंतूण-नहीं प्राप्त करके-मायामगंतूण-ज.ध.पु. 12, पृ. 104

21. संबंध कृदन्त का प्रयोग बहुधा द्वितीय वि. के साथ 'कर्म' कारक में ही होता है। क्वचित् षष्ठी वि. के साथ भी देखा जाता है जैसे-एदस्स गाहासुत्तस णिरूविय--ज.ध.पु. 12, पृ. 109

22. क्वचित् 'दो' संख्या के तृ.वि. के बहु. में 'मि' का प्रयोग अतिरिक्त मिलता है। जैसे-तेण दोहिं मि सरिसेहिं--ज.ध.पु. 12, पृ. 119

23. जहाँ इकरान्त आदि पूर्व अक्षरों वाले शब्द के साथ 'आ' की संधि की जाती है वहाँ 'य' का आदेश हो जाता है। भूमियादिसु (ज.ध.पु. 12/174)

24. यत् तद् का प्रयोग भी देखा जाता है—यदाह-तदवलंवणीभूद-(ज.ध.पु. 12, पृ. 194)। तदहिमुह-(वही पृ. 195) तदकरणं (मूला.1/20)

25. तत् के साथ संधि होने पर आगे के अक्षर का ही आधा अक्षर या उसी वर्ग का प्रथमादि अक्षर संधि के साथ बन जाता है-तप्परूवणाए (पृ. 195), तक्खण, तब्भाव, तदुम्मुहावत्थाए-पृ. 196, तव्विसय-पृ. 196।

26. किम् आदि के हलन्त 'म' का संधि के साथ प्रयोग होता है। किमविसेसेण-(ज.ध.पु. 12/196)

27. कहाँ के लिए 'कहिं' भी बनता है। क.पा.गा. 93, यहाँ के लिए एण्हिं-(ज.ध.पु. 12/199)

28. 'अपि' का मात्र 'पि' ही रह जाता है-उत्तरपयणीणं पि-ज.ध.पु. 12/207 'वि' भी रह जाता है।-ट्ठिदिबंधो वि-ज.ध.पु. 12/213

29. इति का त्ति भी रह जाता है। णरलोएत्ति-जी.का. 456, दीर्घ 'ई' ह्रस्व रह जाता है-पडिवत्ति त्ति,-ज.ध.पु. 13/215, उवसामणविहि त्ति-ज.ध. पु. 14/104 'इ' का 'ए' होता है, अनुस्वार का लोप भी होता है। णाणेत्ति-जी.का. 299, मइअण्णाणेत्ति-जी.का. 303 'ओ' प्रत्यय के साथ 'इ' का लोप होता है-वेभंगो त्ति-जी.का. 305

क्रिया के साथ संधि हुए बिना भी प्रयोग होता है-हवंति त्ति-जी.का. 318, शब्द में भी ऐसा होता है-गदत्थविसयत्ति-जी.का. 439, हवंती त्ति-जी.का. 694

30. इदं को इणं होता है। 'इ' का लोप होता है जैसे-णं वेंति-जी.का. 299
31. इकारान्त शब्द समास पदों में 'ई' भी हो जाता है-मदि सुदओहीमणं च-जी.का. 300। यहाँ ओहि का आही हुआ है।
32. पंचमी वि. में 'आदु' का प्रयोग भी होता है-एयक्खरादु उवरिं-जी.का. 335 संघादसुदादु-जी.का. 338। संधि भी हो जाती है-अणियोगादुवरि-जी. का. 340, सिद्धादणंतगुणो-जी.का. 384
33. 'ट' का 'ड' हो जाता है-णिच्चुग्घाडं-उद्घाट के ट का ड हुआ है। जी.का. 320, कहीं 'त' का 'ड' भी होता है- सूत्रकृते-सूदकडे-जी. का. 356, अंतकृत-अंतयडे-जी.का 357
34. 'महा' का 'मह' भी हो जाता है-महपुंडरीय-जी.का. 368 कहीं 'हा' भी बना रहता है। महाणइस्स. जी.का. 415
35. 'इ' कारान्त शब्दों में 'षष्ठी' वि. में 'स्स' प्रत्यय भी होता है। देसोहिस्स य अवरं-जी.का. 374
36. चतुर्थी वि. में 'आय' भी होता है-दव्ववियप्याय-जी.का. 384
37. मध्याक्षर का लोप जैसे-'व' का लोप 'दीउवही'-जी.का. 396
38. ऋ का 'उ' हो जाता है-ऋजु-उजु-जी.का. 440
39. 'उवरि' के साथ षष्ठी वि. का प्रयोग होता है। सम्मत्तस्सुवरि-ज.ध. 13/55
40. समास पद में संधि की नियामकता नहीं होती है, अणंताणुबंधिचउक्क -अपच्चक्खावणावरणीय-ज.ध.पु. 13/108
41. मतुप् प्रत्यय-लद्धिमंत-चरित्तलद्धिमंताणं-ज.ध.पु. 13/171
42. संधि करने में आवश्यकतानुसार गाथा छंद का प्रयोग करते हुए स्वर यहाँ का लोप हो जाता है। जैसे-'उप्पादपुव्वगेणिय' जी.का. 345, यहाँ अगेणिय के 'अ' का लोप हुआ। संधि नहीं हुई।
43. सप्तमी वि. के बहुवचन में दीर्घ सर्वत्र होता है। क्वचित् 'सु' प्रत्यय से पूर्व मात्रा का ह्रस्व भी देखा जाता है।

    हाणिसु वड्ढीसु-जी.का. 506, गदियादिसु-जी.का. 703

44. संयुक्ताक्षर से पूर्व दीर्घ ह्रस्व नहीं भी होता है-जांति खलु जीवा-जी. का. 519

45. आवश्यकतानुसार ह्रस्व स्वर दीर्घ भी हो जाता है।

पंचत्थीकायसण्णिदं होदि-जी.का. 620

46. प्राकृत की अपनी व्याकरण है इसमें संधि, समास आदि सभी का प्रयोग होता है एवं समास से शब्दों के भिन्न अर्थ भी निकाले जाते हैं। जैसे-ज.ध.पु. 14, पृ. 152-एगफद्दावालिया त्ति समासणिद्देसो एसो, तेणेवमेत्थ समासकायव्वा-फद्दयाणमावलिया फद्दयावलिया, एगा च सा फद्दयावलिया च एगफद्दयावलिया त्ति।

47. षष्ठी वि. के अर्थ सप्तमी वि. का निर्देश भी होता है।

छट्ठीए वा अत्थे एसो सत्तमी णिद्देसो त्ति घेत्तेव्वो-ज.ध.पु. 14/267

48. क्वचित् अव्यय पद की 'ए' के साथ संधि नहीं होती है। ण एस दोसो-ज.ध.पु. 14/22

49. विभक्ति पद में बिना विभक्ति के संधि-एसेव कमो-ज.ध.पु. 14/36

50. षष्ठी वि. के साथ भी तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग-

संतकम्मस्स कंडयघादवसेण करेदुमाढत्तत्तादो-ज.ध.पु. 14/323

51. क्रियापद के साथ षष्ठी वि. का प्रयोग भी देखा जाता है। जैसे-परमत्थबद्धलक्खो ण वि चुक्कदि मोक्खमग्गस्स-बोध पाहुड गाथा 22

52. मध्यम पुरुष क्रिया के प्रयोग भी मिलते हैं। जैसे-तस्स य करह पणामं-बोध पाहुड़ गाया 16-यहाँ 'करह' मध्यम पुरुष की बहुवचन की क्रिया है। अन्य भी प्रयोग-

वुच्छामि समासेण छक्कायसुहंकरं सुणह-बोध-पाहुड़ 2

53. द्वितीया वि. का स्त्रीलिंग में प्रयोग-

जं देह दिक्खसिक्खा-बोध प्रा. 15

54. 'होज्जासु' यह क्रियापद होज्ज अर्थ में है-चु.सू.ज.ध.पु. 15, पृ. 167

55. त एव तक-स्वार्थे 'क' प्रत्यय की प्रवृत्ति प्राकृत में भी देखी जाती है-लिंगमुस्सगियं तयं चेव-भ.आ. 76

56. मतुप् प्रत्यय के शब्द-हिरिमं-ह्रीमान् (पुं.)-भ.आ. 78

57. इय-एवमर्थे-भ.आ. 85
58. आदि शब्द के रूप-आदयं (प्र.एक.नपुं.)-पव्वदादयं-ज.ध.पु. 12/174
59. च का 'य' होता है।
    आयरण आचरण
60. थ का 'ह' होता है-विकहा विकथा, तहा तथा
61. प्राकृत में लुप्त अकार के लिए 'ऽ' चिह्न का प्रयोग होता है। यदि यह चिह्न न लगाया जाए तो अर्थ की विपरीतता आती है।
    जैसे- 1. इयरम्हि य णिम्मओऽसंगो -मूलाचार.1/11
    यदि यहाँ 'ऽ' का प्रयोग न करें तो 'संगो' अर्थ से मुनि का विशेषण परिग्रह वाले अर्थ में होगा जिससे अनर्थ होगा।
    2. जिब्भाजओऽगिद्धी-मूलाचार 1/22
    अर्थात् जिह्वा को जीतने वाला गृद्धि रहित होता है।
    इसी तरह का प्रयोग समयसार ग्रन्थ में मिलता है-
    ववहारोऽभूदत्थो-समयसार।
    व्यवहार अभूतार्थ है। यदि 'ऽ' न लगाएं तो व्यवहार को भूतार्थ होने का प्रसंग आ जाए।
62. मत्वर्थीय 'इल्ल' प्रत्यय का प्रयोग-
    णियडिल्लो अर्थात् निकृतिवान्-मूलाचार 2/39
63. 'तो' अर्थात् ततः 'इसलिए' अर्थ में।
    जदि इच्छसि दुक्खमुत्तिं तो- मूला. 2/52

संख्या

पाँच को 'पण', 'पणं' पणमेगेगं-जी.का. 34
पन्द्रह को 'पण्णरस'
'तथा' को 'तह', 'तहा' दोनों रूप प्रयोग होते हैं
'अपि' का 'वि' हो जाता है।
सव्वे वि पुव्वभंगा-जी.का. 36
'एक' का एक्क, इक्क, एग, एय, एक, इक, इगि सभी प्रयोग होते हैं।

एक्को हि मोक्खमग्गो-

इक्किक्के जे ठिया हु इक्केक्का-(द्र.सं.) इसमें इक्क, एक्क दोनों प्रयोग एक साथ हैं।

एगो में सासदो आदा (णि.सार.)

इगि विति-जी.का. 43

बारह-बार, बारं-जी.का. 344

एकादश-एयारं होता है-इगिदुगपंचेयार-जी.का. 359

सोलह-को सोल, सोलह, सोलह, सोहस प्रयोग होते हैं, सोहस-ज.ध.पु. 14/136

खसोल-जी.का. 44, सोलंच-जी.का. 344

एक्कत्तीस (वि.)-इकतीस-ज.ध.पु. 14, पृ. 60

सोलसम (वि.)-सोलहवाँ (स्त्री-सोलसमी)-एसा सोलसमी गाहा-ज.ध.पु. 12/169

तिवीस-तेईस-जी.का. 359, तेवीस-ज.ध.पु. 15, पृ. 33

बारसम-बारहवाँ-ज.ध.पु. 13/106

अट्ठेदालीस-अड़तालीस-ज.ध.पु. 14/136

आत्मन्-**आत्म-अप्प या अत्त**

(आत्मन्-आत्म-अप्प या अत्त के रूप अकारान्त पुल्लिंग के अतिरिक्त उससे भिन्न रूप में भी निम्न प्रकार से चलेंगे)

	एकवचन	**बहुवचन**
प्रथमा	अप्पा	अप्पा, अप्पाणो
द्वितीया	अप्पं	अप्पा, अप्पाणो
तृतीया	अप्पणा, अप्पणिआ, अप्पणइआ	अप्पेहिं, अप्पेहिं, अप्पेहि
चतुर्थी	अप्पणो	अप्पाण, अप्पाणं
पंचमी	अप्पणो	अप्पत्तो, अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहिं, अप्पाहिंतो, अप्पासुंतो अप्पेहि
षष्ठी	अप्पणो	अप्पाण, अप्पाणं
सप्तमी	अप्पम्मि, अप्पे	अप्पेसु, अप्पेसुं
सम्बोधन	अप्पा, अप्प	अप्पा, अप्पाणो

राजन्-राअ-राय

(राअ-राय के रूप अकारान्त पुल्लिंग के अतिरिक्त उससे भिन्न रूप में भी निम्न प्रकार से चलेंगे)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	राया	राया, राइणो
द्वितीया	राइणं	राया, राइणो
तृतीया	राइणा, रण्णा	राईहि, राईहिं, राईहिं
चतुर्थी	राइणो, रायणो, रण्णो	राइणं, राईणं, राईण
पंचमी	राइणो, रण्णो	राइत्तो, राईओ, राईउ, राईहिंतो, राईसुंतो
षष्ठी	राइणो, रायणो, रण्णो	राइणं, राईण, राईणं
सप्तमी	राइम्मि	राईसु, राईसुं
सम्बोधन	राया, राय	राया, रायाणो, राइणो

सर्वनाम शब्द रूपावली

पुल्लिंग-सव्व

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सव्वो, सव्वे	सव्वे
द्वितीया	सव्वं	सव्वा, सव्वे
तृतीया	सव्वेण, सव्वेणं	सव्वेहि, सव्वेहिं, सव्वेहिं
चतुर्थी	सव्वाय, सव्वस्स	सव्वेसिं, सव्वाण, सव्वाणं
पंचमी	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वा, सव्वादु, सव्वादो	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो, सव्वादु, सव्वादो
षष्ठी	सव्वस्स	सव्वाण, सव्वाणं, सव्वेसिं
सप्तमी	सव्वस्सिं, सव्वम्मि, सव्वत्थ, सव्वहिं, सव्वम्हि, सव्वंसि	सव्वेसु, सव्वेसुं

पुल्लिंग-त, ण (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सो, से, स, ण	ते, णे
द्वितीया	तं, णं	ते, ता, णे, णा
तृतीया	तेण, तेणं, तिणा, णेण, णेणं, णिणा	तेहि, तेहिं, तेहिं, णेहि, णेहिं, णेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	तस्स, से, तास	ताण, तेसिं, तासं
पंचमी	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहिंतो, ताहि, ता, तम्हा, तो, तादो, तादु	तत्तो, ताआ, ताउ, ताहि, ताहिंतो, तासुंतो, तादो, तादु
सप्तमी	तस्सिं, तम्मि, तत्थ, तहिं, ताहे, ताला, तइया, तम्हि, तंसि	तेसु, तेसुं

पुल्लिंग-ज (जो)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	जो, जे	जे
द्वितीया	जं	जे, जा
तृतीया	जेण, जेणं, जिणा	जेहि, जेहिं, जेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	जस्स, जास	जाण, जाणं, जेसिं
पंचमी	जत्तो, जाओ, जाउ, जाहिंतो, जा, जम्हा, जादो, जादु	जत्तो, जाओ, जाउ, जाहि, जाहिंतो, जासुंतो, जेहि, जेहिंतो, जेसुंतो, जादो, जादु
सप्तमी	जस्सिं, जम्मि, जत्थ, जहिं, जाहे, जाला, जइया, जम्हि, जंसि	जेसु, जेसुं

पुल्लिंग-क (कौन)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	को, के	के
द्वितीया	कं	के, का
तृतीया	केण, केणं, किणा	केहि, केहिं, केहिं
चतुर्थी व षष्ठी	कस्स, कास	काण, काणं, कास, केसिं
पंचमी	कत्तो, काओ, आउ, काहिंतो, का, कम्हा, किणो, कीस, कादो, कादु	कत्तो, काओ, काउ, काहि, काहिंतो, कासुंतो, केहिंतो, केसुंतो, कादु, कादो
सप्तमी	कस्सिं, कम्मि, कत्थ, कहिं, काहे, काला, कइआ, कम्हि, कंसि	केसु, केसुं

पुल्लिंग-एत (यह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	एसो, एस, इणं, इणमो	एते, एदे
द्वितीय	एतं, एदं	एते, एता, एदे, एदा
तृतीया	एतेण, एतेणं, एतिणा, एदेण, एदेणं, एदिणा	एतेहि, एतेहिं, एतेहिं, एतेहि, एदेहिं, एदेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	एतस्स, एदस्स	एताण, एताणं, एतेसिं, एदाण, एदाणं, एदेसिं
पंचमी	एताओ, एताउ, एताहि, एताहिंतो, एता, एत्तो एत्ताहे, एदादो, एदादु	एतत्तो, एताओ, एताउ, एताहि, एताहिंतो, एतासुंतो, एतेहि, एतेहिंतो, एतेसुंतो, एदादो, एदादु
सप्तमी	एतस्सिं, एतम्मि, अयम्मि, इयम्मि, एत्थ, एतम्हि, एतंसि	एतेसु, एतेसु

पुल्लिंग-इम (यह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	इमो, अयं, इमे	इमे
द्वितीया	इमं, इणं, णं	इमे, इमा, णे, णा
तृतीया	इमेण, इमेणं, इमिणा, णेण, णेणं, णिणा	इमेहि, इमेहिं, इमेहिं, णेहि, णेहिं, णेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	इमस्स, अस्स, से	इमाण, इमाणं, इमेसिं, सिं
पंचमी	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहिंतो, इमा, इमादो, इमादु इमादु,	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहि, इमाहिंतो, इमासुंतो, इमेहि, इमेहिंतो, इमेसुंतो, इमादो
सप्तमी	इमस्सिं, इमम्मि, अस्सिं, इह, इमम्हि, इमंसि	इमेसु, इमेसुं, एसु, एसुं

पुल्लिंग-अमु (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अमू, अह	अमउ, अमओ, अमुणो, अमवो, अमू
द्वितीया	अमुं	अमुणो, अमू
तृतीया	अमुणा	अमूहि, अमूहिं, अमूहिं
चतुर्थी व षष्ठी	अमुस्स, अमुणो	अमूण, अमूणं
पंचमी	अमुणो, अमुत्तो, अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूदो, अमूदु	अमुत्तो अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूसुंतो, अमूदो, अमूदु
सप्तमी	अयम्मि, इअम्मि, अमुम्मि, अमुम्हि, अमुंसि	अमूसु, अमूसुं

पुल्लिंग-अण्ण (अन्य)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अण्णो, अण्णे	अण्णे
द्वितीया	अण्णं	अण्णे, अण्णा
तृतीया	अण्णेण, अण्णेणं	अण्णेहि, अण्णेहिं, अण्णेहिं
चतुर्थी	अण्णाय, अण्णस्स	अण्णाण, अण्णाणं, अण्णेसिं
पंचमी	अण्णत्तो, अण्णाओ, अण्णाउ, अण्णाहि, अण्णाहिंतो, अण्णा,	अण्णतो, अण्णाओ, अण्णाउ, अण्णाहि, अण्णाहिंतो, अण्णासुंतो, अण्णादो, अण्णदु
षष्ठी	अण्णस्स	अण्णाण, अण्णाणं, अण्णेसिं
सप्तमी	अण्णस्सिं, अण्णम्मि, अण्णत्थ, अण्णहिं, अण्णम्हि, अण्णंसि	अण्णेसु, अण्णेसुं

नपुंसकलिंग-सव्व

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सव्वं	सव्वाइं, सव्वाइँ, सव्वाणि
द्वितीया	सव्वं,	सव्वाइं, सव्वाइँ, सव्वाणि
तृतीया	सव्वेण, सव्वेणं	सव्वेहि, सव्वेहिं, सव्वेहिं
चतुर्थी	सव्वाय, सव्वस्स	सव्वेसिं, सव्वाण, सव्वाणं
पंचमी	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वा, सव्वादु, सव्वादो	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहि, सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो, सव्वादु, सव्वादो
षष्ठी	सव्वस्स	सव्वाण, सव्वाणं, सव्वेसिं
सप्तमी	सव्वस्सिं, सव्वम्मि, सव्वत्थ, सव्वहिं, सव्वम्हि, सव्वंसि	सव्वेसु, सव्वेसुं

नपुंसकलिंग-त (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	तं	ताइं, ताइँ, ताणि
द्वितीया	तं	ताइं, ताइँ, ताणि
तृतीया	तेण, तेणं, तिणा, णेण, णेणं, णिणा	तेहि, तेहिं, तेहिं, णेहि, णेहिं, णेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	तस्स, से, तास	ताण, तेसिं, तास, ताणं, सिं
पंचमी	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहिंतो, ताहि, ता, तम्हा, तो, तादो, तादु	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहि, ताहिंतो, तासुंतो, तादो, तादु
सप्तमी	तस्सिं, तम्मि, तत्थ, तहिं, ताहे, ताला, तइया, तम्हि, तंसि	तेसु, तेसुं

नपुंसकलिंग-ज (जो)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	जं	जाइं, जाइँ, जाणि
द्वितीया	जं	जाइं, जाइँ, जाणि
तृतीया	जेण, जेणं, जिणा	जेहि, जेहिं, जेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	जस्स, जास	जाण, जाणं, जेसिं
पंचमी	जत्तो, जाओ, जाउ, जाहिंतो, जा, जम्हा, जादो, जादु जाहि	जत्तो, जाओ, जाउ, जाहि, जाहिंतो, जासुंतो, जेहि, जेहिंतो, जेसुंतो, जादो, जादु
सप्तमी	जस्सिं, जम्मि, जत्थ, जहिं, जाहे, जाला, जइया, जम्हि, जंसि	जेसु, जेसुं

नपुंसकलिंग-क (कौन)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	किं	काइं, काइँ, काणि
द्वितीया	किं	काइं, काइँ, काणि
तृतीया	केण, केणं, किणा	केहि, केहिं, केहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	कस्स, कास	काण, काणं, कास, केसिं
पंचमी	कत्तो, काओ, काउ काहिंतो, का, कम्हा, किणो, कीस, कादो, कादु	कत्तो, काओ, काउ, काहि, काहिंतो, कासुंतो, केहिंतो, केसुंतो, कादु, कादो
सप्तमी	कस्सि, कम्मि, कत्थ, कहिं काहे, काला, कइआ, कम्हि, कंसि	केसु, केसुं

नपुंसकलिंग-एत (यह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	एस, इणं, इणमो, एतं	एताइं, एताइँ, एताणि, एदाइं, एदाइँ, एदाणि
द्वितीया	एतं, एदं	एताइं, एताइँ, एताणि, एदाइं, एदाइँ, एदाणि
तृतीया	एतेण, एतेणं, एतिणा, एदेण, एदेणं, एदिणा	एतेहि, एतेहिं, एतेहिं, एदेहि, एदेहिं, एदेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	एतस्स, से, एदस्स	एताण, एताणं, एतेसिं, एताण, एदाणं, एदेसिं
पंचमी	एताओ, एताउ, एताहि, एताहिंतो, एता, एत्तो, एत्ताहे, एदादो, एदादु	एतत्तो, एताओ, एताउ, एताहि, एताहिंतो, एतासुंतो, एतेहि, एतेहिंतो, एतेसुंतो, एदादो, एदादु
सप्तमी	एतस्सिं, एतम्मि, अयम्मि, इयम्मि, एत्थ, एतम्हि, एतंसि	एतेसु, एतेसुं, एदेसु, एदेसुं

नपुंसकलिंग-इम (यह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	इदं, इणमो, इणं	इमाइं, इमाइँ, इमाणि
द्वितीया	इदं, इणमो, इणं	इमाइं, इमाइँ, इमाणि
तृतीया	इमेण, इमेणं, इमिणा, णेण, णेणं, णिणा	इमेहि, इमेहिं, इमेहिं, णेहि, णेहिं, णेहिं
चतुर्थी व षष्ठी	इमस्स, अस्स, से	इमाण, इमाणं, इमेसिं, सिं
पंचमी	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहि, इमाहिंतो, इमा, इमादो, इमादु इमेसुंतो, इमादु, इमादो	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहि, इमाहिंतो, इमासुंतो, इमेहि, इमेहिंतो,
सप्तमी	इमस्सिं, इमम्मि, अस्सिं, इह, इमम्हि, इमंसि	इमेसु, इमेसुं

नपुंसकलिंग-अमु (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अमुं, अह	अमूहं, अमूइँ, अमूणि
द्वितीया	अमुं	अमूइं, अमूइँ, अमूणि
तृतीया	अमुणा	अमूहि, अमूहिं, अमूहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	अमुस्स, अमुणो	अमूण, अमूणं
पंचमी	अमुणो, अमुत्तो, अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूदो, अमूदु	अमुत्तो, अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूसुंतो, अमूदो, अमूदु
सप्तमी	अयम्मि, इअम्मि, अमुम्मि, अमुम्हि, अमुंसि	अमूसु, अमूसुं

नपुंसकलिंग-अण्ण (अन्य)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अण्णं	अण्णाइं, अण्णाइँ, अण्णाणि
द्वितीया	अन्णं	अण्णाइं, अण्णाइँ, अण्णाणि
तृतीया	अण्णेण, अण्णेणं	अण्णेहि, अण्णेहिं, अण्णेहिँ
चतुर्थी	अण्णाय, अण्णस्स	अण्णाण, अण्णाणं, अण्णेसिं
पंचमी	अण्णत्तो, अण्णाओ, अण्णाउ, अण्णाहि, अण्णाहिंतो, अण्णा, अण्णादो, अण्णादु	अण्णत्तो, अण्णाओ, अण्णाउ, अण्णाहि, अण्णाहिंतो, अण्णासुंतो, अण्णेहि, अण्णेहिंतो, अण्णेसुंतो, अण्णादो, अण्णादु
षष्ठी	अण्णस्स	अण्णाण, अण्णाणं, अण्णेसिं
सप्तमी	अण्णस्सिं, अण्णम्मि, अण्णत्थ, अण्णहिं, अण्णम्हि, अण्णंसि	अण्णेसु, अण्णेसुं

स्त्रीलिंग-सव्वा

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सव्वा	सव्वा, सव्वाउ, सव्वाओ
द्वितीया	सव्वं	सव्वा, सव्वाउ, सव्वाओ
तृतीया	सव्वाअ, सव्वाइ, सव्वाए	सव्वाहि, सव्वाहिं, सव्वाहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	सव्वाअ, सव्वाइ, सव्वाए	सव्वाण, सव्वाणं, सव्वेसिं
पंचमी	सव्वाअ, सव्वाइ, सव्वाए, सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहिंतो, सव्वादो सव्वादु	सव्वत्तो, सव्वाओ, सव्वाउ, सव्वाहिंतो, सव्वासुंतो, सव्वादो, सव्वादु
सप्तमी	सव्वाअ, सव्वाइ, सव्वाए	सव्वासु, सव्वासुं

स्त्रीलिंग-ता (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	सा	ता, ताउ, ताओ
द्वितीया	तं	ता, ताउ, ताओ
तृतीया	ताअ, ताइ, ताए	ताहि, ताहिं, ताहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	ताअ, ताइ, ताए, तास, से	ताण, ताणं, सिं, तेसिं
पंचमी	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहिंतो, ताअ, ताइ, ताए, तादो, तादु	तत्तो, ताओ, ताउ, ताहिंतो, तासुंतो, तादो, तादु
सप्तमी	ताअ, ताइ, ताए, ताहिं	तासु, तासुं

स्त्रीलिंग-जा (जो)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	जा	जाउ, जाओ, जा
द्वितीया	जं	जाउ, जाओ, जा
तृतीया	जाअ, जाइ, जाए	जाहि, जाहिं, जाहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	जाअ, जाइ, जाए	जाण, जाणं, जेसिं
पंचमी	जाअ, जाइ, जाए, जत्तो, जाओ, जाउ, जाहिंतो, जादो, जादु	जत्तो, जाउ, जाओ, जाहिंतो, जासुंतो, जादो, जादु
सप्तमी	जाअ, जाइ, जाए, जाहिं	जासु, जासुं

स्त्रीलिंग-का (कौन)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	का	काउ, काओ, का
द्वितीया	कं	काउ, काओ, का
तृतीया	काअ, काइ, काए	काहि, काहिं, काहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	काअ, काइ, काए, कास	काण, काणं, केसिं

पंचमी	काअ, काइ, काए, कत्तो, काओ, काउ, काहिंतो, कादो, कादु	कत्तो, काओ, काउ, काहिंतो कासुंतो, कादो, कादु
सप्तमी	काअ, काइ, काए, काहिं	कासु, कासुं

स्त्रीलिंग-एआ (यह)

	एकवचन	**बहुवचन**
प्रथमा	एसा	एआउ, एआओ, एआ
द्वितीया	एअं	एआउ, एआओ, एआ
तृतीया	एआअ, एआइ, एआए	एआहि, एआहिं, एआहिं
चतुर्थी व षष्ठी	एआअ, एआइए, एआए, से	एआण, एआणं, सिं
पंचमी	एअत्तो, एअत्ताहे, एआअ, एआइए, एआए, एआओ, एआउ, एआहिंतो, एआदो एआदु	एअत्तो, एआओ, एआउ, एआहिंतो एआसुंतो, एआदो, एआदु
सप्तमी	एआअ, एआइ, एआए	एआसु, एआसुं

स्त्रीलिंग-इमा (यह)

	एकवचन	**बहुवचन**
प्रथमा	इमा, इमिआ	इमाउ, इमाओ, इमा
द्वितीया	इमं	इमाउ, इमाओ, इमा
तृतीया	इमाअ, इमाइ, इमाए	इमाहि, इमाहिं, इमाहिं
चतुर्थी व षष्ठी	इमाअ, इमाइ, इमाए, से	इमाण, इमाणं, सिं, इमेसिं
पंचमी	इमाअ, इमाइ, इमाए, इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहिंतो, इमादो, इमादु	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहिंतो, इमासुंतो, इमादो, इमादु
सप्तमी	इमाअ, इमाए, इमाइ	इमासु, इमासुं

स्त्रीलिंग-अमु (वह)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अह, अमू	अमूउ, अमूओ, अमू
द्वितीया	अमुं	अमूउ, अमूओ, अमू
तृतीया	अमूअ, अमूआ, अमूइ, अमूए	अमूहि, अमूहिं, अमूहिं
चतुर्थी व षष्ठी	अमूअ, अमूआ, अमूइ, अमूए	अमूण, अमूणं
पंचमी	अमूअ, अमूआ, अमूइ, अमूए, अमुत्तो, अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूदो, अमूदु	अमुत्तो, अमूओ, अमूउ, अमूहिंतो, अमूसुंतो, अमूदो, अमूदु
सप्तमी	अमूअ, अमूआ, अमूइ, अमूए	अमूसु, अमूसुं

तीनों लिंगो में-अम्ह (मैं)

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	अहं, हं, म्मि, अम्हि, अम्मि, अहयं	अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं, भे
द्वितीया	अहं, मं, ममं, मि, अम्मि, अम्ह, मम्ह, णं, णे, मिमं	अम्ह, अम्हे, अम्हो, णे
तृतीया	मइ, मए, ममाइ, मयाइ, मे, ममए, मि, ममं, णे	अम्ह, अम्हे, अम्हेहि, अम्हाहि, णे
चतुर्थी व षष्ठी	मइ, मम, मह, महं, मज्झ, मज्झं, अम्ह, अम्हं, मे	अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, णे, णो, मज्झ, मज्झाण, अम्हाण, ममाण, महाण, अम्हाण, ममाणं, महाणं, मज्झाणं
पंचमी	मइत्तो, मईओ, मईओ, मईउ, मईहिंतो, ममत्तो, ममाओ, ममाउ, ममाहि, ममाहिंतो, मम, महत्तो, महाओ, महाउ, महाहि, महाहिंतो, महा,	ममत्तो, ममाओ, ममाउ, ममाहि, ममाहिंतो, ममासुंतो, ममेहि, ममेहिंतो, ममेसुंतो, अम्हत्तो, अम्हाओ, अम्हाउ, अम्हाहि, अम्हाहिंतो,

	मज्झत्तो, मज्झाओ, मज्झाउ, मज्झाहि, मज्झाहिंतो, मज्झा मईदो, मईदु, ममादो, ममादु, महादो, महादु, मज्झादो, मज्झादु	अम्हासुंतो, अम्हेहि, अम्हेहिंतो, अम्हेसुंतो, ममादो, ममादु, अम्हादो, अम्हादु
सप्तमी	मइ, मए, ममाइ, मि, मे, अम्हम्मि, ममम्मि, महम्मि, मज्झम्मि, अम्हे, ममे, महे, मज्झे, अम्हस्सिं, ममस्सिं, महस्सिं, मज्झस्सिं, अम्हत्थ, ममत्थ, महत्थ, मज्झत्थ, अम्हि, ममहि, महहि, मज्झहिं	अम्हेसु, ममेसु, महेसु, मज्झेसु, अम्हसु, ममसु, महसु, मज्झसु, अम्हासु, अम्हेसुं, ममेसुं, महेसुं, मज्झेसुं, अम्हसुं, ममसुं, महसुं, मज्झसुं, अम्तासुं,

तीनों लिंगों में-तुम्ह (तुम)

	एकवचन	**बहुवचन**
प्रथमा	तुमं, तं, तुं, तुवं, तुह	तुज्झ, तुम्ह, तुब्मे, तुय्हे, उय्हे, तुम्हे, तुज्झे, उम्हे, भे
द्वितीया	तं, तुं, तुमं, तुवं, तुह, तुमे तुए	तुज्झ, तुब्भे, तुय्हे, उय्हे, भे, वो
तृतीया	तुमं, तइ, तए, तुमइ, तुमाइ, तुमे, तुमए, भे, दि, दे, ते	तुज्झेहिं, उज्झेहिं, तुय्हेहिं, उय्हेहिं, उम्हेहिं भे
चतुर्थी व षष्ठी	तइ, तुव, तुम, तुह, तुहं, तुम्हं, तुमे, तुमो, तुमाइ, तुब्भ, उब्भ उयह, दि, दे, इ, ए, तु, ते, तुम्ह, तुज्झ उम्ह, उज्झ	तुब्भ, तुब्भं, तुब्भणा, तुवाण, तुमाण, तुहाण, उम्हाण, तु, वो, भे, तुम्हाण, तुज्झाण, तुब्भाणं, तुवाणं, तुमाणं, तुहाणं, उम्हाणं, तुम्हाणं तुज्झाणं
पंचमी	तइत्तो, तईओ, तईउ, तईहिन्तो, तुवत्तो, तुवाओ तुवाउ, तुवाहि, तुवाहिन्तो, तुव, तुमत्तो, तुहत्तो, तुहाओ,	तुब्भतो, तुब्भाहिन्तो, तुब्भासुन्तो, तुम्हेहि, तुज्झत्तो, तुज्झाओ, तुज्झाहिन्तो, तुज्झासुन्तो, तुम्हत्तो,

	तुहाहि, तुब्भत्तो, तुम्हाहिन्तो, तुब्भाहिन्तो, तुम्हत्तो, तुम्हाहिन्तो, तुज्झाउ, तुज्झाहि, तुयह, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ	तुम्हाहिन्तो, तुम्हासुन्तो, तुय्हत्तो, तुय्हाउ, उय्हत्तो, उय्हासुन्तो, उम्हत्तो, उम्हाओ, उम्हाहिन्तो, उम्हासुन्तो
सप्तमी	तुमे, तुमए, तुमाइ, तइ, तए, तुम्मि, तुवम्मि, तुवस्सि, तुवत्थ, तुमम्मि, तुमस्सि, तुमत्थ, तुहम्मि, तुहस्सि, तुहत्थ, तुब्भम्मि, तुब्भस्सि, तुब्भत्थ, तुज्झम्मि, तुज्झस्सि, तुज्झत्थ	तुसु, तुसुं, तुवेसु, तुवेसुं, तुमेसु, तुमेसुं, तुहेसु, तुहेसुं, तुब्भेसु, तुब्भेसुं, तुम्हेसु, तुम्हेसुं, तुज्झेसु, तुज्झेसुं तुमसु, तुमसुं, तुम्हसु, तुम्हसुं, तुज्झासु तुज्झासुं, तुम्हासु, तुम्हासुं

संख्यावाची शब्द-रूपावली

जिन शब्दों द्वारा संख्या का बोध होता है वे शब्द संख्यावाचक विशेषण कहे जाते हैं। ये संख्यावाची शब्द गणनावाचक एवं क्रमवाचक होते हैं।

एक्क से लेकर दहकोडि तक निम्नलिखित सभी निश्चित संख्यावाची शब्द गणनाबोधक विशेषण हैं। इनके लिंग, वचन और विभक्ति प्रयोग को निम्न प्रकार से समझना चाहिए।

(क) गणनावाचक संख्या शब्द–

1.	एक्क, इक्क, एग, एअ	= एक
2.	दो, दुवे, वे	= दो
3.	ति	= तीन
4.	चउ	= चार
5.	पंच	= पाँच
6.	छट्ठ	= छह:
7.	सत्त	= सात
8.	अट्ठ	= आठ

9. णव = नौ
10. दह, दस = दस
11. एक्कारह, इक्कारह, एगारह, एआरह, एक्कारस, इक्कारस, एगारस, एआरस = ग्यारह
12. बारह, बारस, दुवालस = बारह
13. तेरह, तेरस = तेरह
14. चउद्दह, चउद्दस, चोद्दस = चौदह
15. पण्णरह, पण्णरस = पन्द्रह
16. सोलह, सोलस, छद्दस = सोलह
17. सत्तरह, सत्तरस, सत्तद्दस = सत्तरह
18. अट्ठारह, अट्ठारस, अट्ठदस, अट्ठदह = अठारह
19. एगूणवीस, अउणवीस, एगुणवीसइ अउणवीसइ = उन्नीस
20. वीस, वीसइ = बीस
21. एगवीस, एगवीसइ = इक्कीस
22. बावीस, बावीसइ, बाइस = बाइस
23. तेवीस, तेवीसइ = तेईस
24. चउवीस, चउवीसइ = चौबीस
25. पण्णवीस, पण्णवीसइ, पणुवीस = पच्चीस
26. छव्वीस = छब्बीस
27. सत्तवीस, सत्तावीस, सत्तवीसइ, सत्तावीसइ = सत्ताईस
28. अट्ठवीस, अट्ठावीस, अट्ठावीसइ = अट्ठाईस
29. एगूणतीस, एगूणतीसइ, अउणतीस, अउणतीसइ = उनतीस
30. तीस, तीसइ = तीस
31. एक्कतीस = इकत्तीस
32. बत्तीस = बत्तीस
33. तेत्तीस, तित्तीस, तेत्तीसइ = तैंतीस
34. चउतीस, चउतीसइ = चौतीस
35. पण्णतीस, पंचतीस, पण्णतीसइ, पंचतीसइ = पैंतीस
36. छत्तीस, छत्तीसइ = छत्तीस

37. सत्ततीस, सत्ततीसइ = सैंतीस
38. अट्ठतीस, अट्ठतीसइ = अड़तीस
39. एगूणचत्तालीस, अउणचत्तालीस = उनतालीस
40. चत्तालीस, चालीस = चालीस
41. एक्कचत्तालीस, इगयाल = इकतालीस
42. बायालीस, बायाल = बयालीस
43. तेआलीस = तैंतालीस
44. चउआलीस, चोयालीस = चौंवालीस
45. पणयालीस, पणयाल, पंचतालीस = पैंतालीस
46. छायालीस = छियालीस
47. सत्तचत्तालीस, सीयालीस, सत्तचालीस = सैंतालीस
48. अट्ठचत्तालीस, अट्ठतालीस, अट्ठयाल, अढयाल, अढयालीस = अड़तालीस
49. एगूणपण्णास, अउणापण्ण = उनचास
50. पण्णास = पचास
51. एगपण्णास, एक्कपण्णास, एगावण्ण = इक्यावन
52. बावण्ण = बावन
53. तेवण्ण = तिरेपन
54. चउवण्ण, चउपण्ण, चउपण्णास = चौवन
55. पणपण्ण, पणवण्ण = पचपन
56. छप्पण्ण = छप्पन
57. सत्तावण्ण = सत्तावन
58. अट्ठावण्ण = अट्ठावन
59. एगूणसट्ठि, अउणसट्ठि, अउणट्ठि = उनसठ
60. सट्ठि = साठ
61. एगसट्ठि = इकसठ
62. बासट्ठि, बावट्ठि, बिसट्ठि = बासठ
63. तेसट्ठि, तेवट्ठि, तिसट्ठि = तिरेसठ
64. चउसट्ठि = चौंसठ

65. पंचसट्ठि, पणसट्ठि = पैसठ
66. छसट्ठि = छियासठ
67. सत्तसट्ठि, सत्तट्ठि = सड़सठ
68. अट्ठसट्ठि, अट्ठासट्ठि, अडसट्ठि = अड़सठ
69. एगूणसत्तरि, अउणत्तरि = उनहत्तर
70. सत्तरि, सयरि = सत्तर
71. एक्कसत्तरि, एगसत्तरि, इक्कसत्तरि, एहत्तरि = इकहत्तर
72. बावत्तरि, बाहत्तरि, बिसत्तरि, बिसयरि = बहत्तर
73. तेवत्तरि, तेवुत्तरि = तिहत्तर
74. चउहत्तरि = चौहत्तर
75. पञ्चहत्तरि = पचहत्तर
76. छहत्तरि, छस्सयरि, छाहत्तरि = छिहत्तर
77. सत्तहत्तरि, सत्तहुत्तरि = सतहत्तर
78. अट्ठहत्तरि = अठहत्तर
79. एगूणासीइ = उनासी
80. असीइ = अस्सी
81. एगासीइ, एक्कासीइ = इक्कासी
82. बासी, बासीइ = बयासी
83. तेसीइ, तेआसी = तिरासी
84. चउरासी, चउरासीइ, चउरासीय = चौरासी
85. पणसीइ, पंचासीइ = पचासी
86. छासीइ, छलसीइ = छियासी
87. सत्तासीइ = सत्तासी
88. अट्ठासीइ, अट्ठासी = अठासी
89. एगूणणउइ = नवासी
90. णवइ, णउइ = नब्बे
91. एक्काणउइ = इक्यानवे
92. बाणउइ, बाणुवइ = बानवे
93. तेणवइ, तेणउइ, तिणवइ = तिरानवे

94. चउणवइ, चउणउइ = चौरानवे
95. पंचाणउइ, पण्णाउइ = पंचानवे
96. छण्णवइ, छण्णउइ, छणुवइ = छियानवे
97. सत्तणउइ, सत्ताणउइ = सत्तानवे
98. अट्ठाणवइ, अट्ठाणउइ = अट्ठानवे
99. णवणवइ, णवणउइ = निन्यानवे
100. सय = सौ
200. दुसय = दो सौ
300. तिसय, तिण्णि सय = तीन सौ
400. चत्तारि सय = चार सौ
500. पणसय, पंचसय = पाँच सौ
600. छसय, छस्सय = छः सौ
700. सत्तसय = सात सौ
800. अट्ठसय = आठ सौ
900. णवसय = नौ सौ
1000 सहस्स = एक हजार
10000 दससहस्स = दस हजार
100000 लक्ख = एक लाख
1000000 दहलक्ख = दस लाख
10000000 कोडि = करोड़
100000000 दहकोडि = दस करोड़

एक से लेकर दहकोडि तक ये सभी निश्चित संख्यावाची शब्द गणनाबोधक विशेषण हैं। इनके लिंग, वचन और विभक्ति प्रयोग को निम्न प्रकार से समझना चाहिए।

1. 'एक्क' संख्यावाची शब्द के रूप पुल्लिग में पुल्लिग 'सव्व' के अनुसार नपुंसकलिंग में नपुंसकलिंग 'सव्व' के अनुसार तथा स्त्रीलिंग में स्त्रीलिंग 'सव्वा' के अनुसार होते हैं।
2. दो से अट्ठारह तक के शब्द सदैव तीनों लिंगों में बहुवचन में ही प्रयुक्त होते हैं। दो से लेकर पाँच तक के रूप पीछे इकाई-2 गणनावाचक

संख्या शब्द रूप में दिए गए हैं। छः से लेकर अट्ठारह तक के रूप 'पंच' की भाँति ही चलते हैं।

3. उन्नीस से लेकर आगे तक के सभी जितने भी संख्यावाची शब्द हैं वे सब सामान्यतः एकवचन में ही प्रयुक्त होते हैं। किन्तु जब ये संख्यावाची शब्द अपनी अनेकता बताते हैं तब वे बहुवचन में भी प्रयुक्त होते हैं। इसी प्रकार सय, सहस, कोडि आदि शब्द भी एकवचनान्त और बहुवचनान्त दोनों रूपों में होते हैं।
4. उन्नीस से अट्ठावन तक के शब्द ह्रस्व अकारान्त होते हुए भी स्त्रीलिंग 'बाला' के अनुसार चलेंगे। जैसे–(प्रथमा एकवचन) एगूणवीसा (प्रथमा बहुवचन) एगुणवीसा, एगूणवीसाउ, एगूणवीसाओ।
5. उनसठ से निन्यावे तके के रूप 'जुवइ' या 'णई' के समान चलेंगे।
6. सय (सौ) दुसय (दो सौ) से लेकर लक्ख (लाख) के रूप 'कमल' की भाँति चलेंगे। कोडि, दहकोडि, सयकोडि के रूप स्त्रीलिंग के समान प्रयुक्त होते हैं।

संख्यावाची विशेषण

एग, एअ, एक्क (एक)

संख्यावाची शब्द 'एक्क' के रूप पुल्लिग में पुल्लिग सव्व सर्वनाम शब्द के समान, नपुंसकलिंग में नपुंसकलिंग सव्व सर्वनाम शब्द के समान तथा स्त्रीलिंग में स्त्रीलिंग सव्वा सर्वनाम शब्द के समान होते हैं।

दु, दो, वे (दो) तीनों लिंगों में

	बहुवचन
प्रथमा	दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो, वे, दुण्णि, विण्णि
द्वितीया	दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो, वे, दुण्णि, विण्णि
तृतीया	दोहि, दोहिं, दोहिं, वेहि, वेहिं, वेहिँ
चतुर्थी	दोण्ह, वेण्ह, दोण्हं, वेण्हं, दुण्ह, दुण्हं
व षष्ठी	
पंचमी	दुत्तो, दोओ, दोउ, दोहिंतो, दोसुंतो, वितो, वेओ, वेउ, वेहिंतो, वेसुंतो
सप्तमी	दोसु, वेसु, दोसुं, वेसुं

ति (तीन) तीनों लिंगों में

	बहुवचन
प्रथमा	तिण्णि
द्वितीया	तिण्णि
तृतीया	तीहि, तीहिं, तीहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	तिण्ह, तिण्हं
पंचमी	तित्तो, तीओ, तीउ, तीहिंतो, तीसुंतो
सप्तमी	तीसु, तीसुं

चउ (चार) तीनों लिंगों में

	बहुवचन
प्रथमा	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
द्वितीया	चत्तारो, चउरो, चत्तारि
तृतीया	चउहि, चउहिं, चउहिँ, चऊहि, चऊहिं, चऊहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	चउण्ह, चउण्हं
पंचमी	चउओ, चउउ, चउहिंतो, चउसुंतो, चउततो, चऊओ, चऊउ, चऊहिंतो, चऊसुंतो
सप्तमी	चउसु, चऊसु, चउसुं, चऊसुं

पंच (पाँच) तीनों लिंगों में

	बहुवचन
प्रथमा	पंच
द्वितीया	पंच
तृतीया	पंचहि, पंचहिं, पंचहिँ
चतुर्थी व षष्ठी	पंचण्ह, पंचण्हं
पंचमी	पंचत्तो, पंचाओ, पंचाउ, पंचाहि, पंचाहिंतो, पंचासुंतो, पंचेहि, पंचेहिंतो, पंचेसुंतो
सप्तमी	पंचसु, पंचसुं